卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 171 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦28 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## सप्तम कालरात्रि




नवरात्र के सातवें दिन मां भगवती के कालरात्रि स्वरूप की पूजा का विधान है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं।

## बाहुबली अतीक अहमद समेत तीन आरोपी दोषी करार, सात बरी

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने बाहुबली अतीक अहमद समेत 3 आरोपियो को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने अपहरण के इस मामले में अतीक के अलावा हनीफ, दिनेश पासी को भी दोषी पाया है। जबकि अतीक के भाई अशरफ समेत 7 को बरी कर दिया गया। उमेश पाल 2005 में हुए राजूपाल हत्याकांड में मुख्य गवाह था। कोर्ट का यह फैसला इसलिए काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि उमेश की 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में भी अतीक, उसका भाई अशरफ, बेटा असद समेत 9 लोग आरोपी हैं। इससे पहले सोमवार को अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से प्रयागराज लाया गया। उसके भाई अशरफ को बरेली से प्रयागराज लाया गया। इसके अलावा एक अन्य आरोपी फरहान को भी यहीं लाया गया था। उमेश पाल अपहरण केस में कुल 11 आरोपी थे। इनमें से एक की मौत हो गई थी। कोर्ट ने 3 को दोषी करार दिया है। जबकि 7 को बरी कर दिया है। दोषी करार हुए आरोपियों में अतीक अहमद, दिनेश पासी खान, शौलत हनीफ शामिल हैं। जबकि बरी हुए आरोपियों में अतीक का भाई अशरफ, अंसार बाबा, फरहान, इसरार, आबिद प्रधान, आशिक मल्ली और एजाज अख्तर (शेष पृष्ठ सात पर)



## विपक्ष के हमलों से लड़ने को तैयार रहें सांसद: मोदी

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। पीएम नरेंद्र मोदी ने भाजपा नेताओं को मजबूत लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने को कहा है। मंगलवार को संसद परिसर में हुई भाजपा संसदीय दल की बैठक में पीएम ने कहा कि पार्टी जितना अधिक उठेगी और सफल होगी, विपक्ष के हमले उतने ही ज्यादा होंगे। संसदीय बैठक की शुरुआत पीएम मोदी के जोरदार स्वागत के साथ हुई। हाल ही में तीन राज्यों त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय हुए चुनावों में भाजपा की जीत से खुश सांसदों ने पीएम मोदी को धन्यवाद कहा। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।बैठक के दौरान पीएम ने कहा भाजपा जितनी सफलता का स्वाद चखती रहेगी, दूसरी ओर से हमले उतने ही बढ़ते जाएंगे। हमें कड़ी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा। पीएम ने सभी सांसदों को 15 मई से 15 जून तक अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में जाने को कहा है। साथ ही सभी सांसदों से भाजपा सरकार के 9 साल के काम(शेष पृष्ठ सात पर)



# परंपरागत ढंग से हुआ विदेशी मेहमानों का स्वागत

### कड़ी सुरक्षा में पंतनगर पहुंचे विदेशी मेहमान, छोलिया नृत्य से हुआ स्वागत, आज शाम को रामनगर में होगी समिट

पंतनगर (उद संवाददाता)। रामनगर में जी-20 समिट के लिए एयरपोर्ट पर परंपरागत ढंग से मेहमानों का स्वागत किया गया। मेहमानों के मेहमानों के माथे पर तिलक लगाने के साथ ही उन्हें उत्तराखण्डी टोपी भी रिसॉर्ट में राउंड टेबल कार्यक्रम की शुरुआत होनी है। जो 30 मार्च तक विकास, जलवायु वित्त और लाइफ, त्वरित, समावेशी और लचीला लाना,तकनीकी परिवर्तन और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना,21वीं सदी के







विदेशी मेहमान आज कड़ी सुरक्षा के बीच पंतनगर पहुंच गये। पंतनगर स्वागत में लोक कलाकारों ने छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही महिलाओं ने पहनायी। बता दें जी-20 के तहत आज शाम से रामनगर के ढिकुली स्थित चलेगी। समिट में 29 देशों के 56 डेलीगेट्स को पहुंचना है। समिट में हरित, विकास,एसडीजी (सबस्टेनिबल डवलपमें गोल्स) पर प्रगति में तेजी लिए बहुपक्षीय संस्थान,महिलाओं के नेतृत्व में विकास(शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

### ठाकुरद्वारा क्षेत्र में सर्विस रोड पर हुआ हादसा



काशीपुर(उद संवाददाता)। मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाजार से घर की ओर जा रहे एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल व्यक्ति को उपचार के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने घटना के लगभग डेढ़ घंटे बाद जीवन मृत्यु से संघर्ष करते हुए दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से ग्राम पंडित पुर तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश तथा हाल सुभाष नगर काशीपुर निवासी सुनील यादव 45 वर्ष पुत्र राम प्रसाद सिंह यादव बीते सोमवार की शाम लगभग 7:30 बजे मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाजार से घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान मुरादाबाद रोड पर गांव के समीप सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की खबर जैसे ही परिजनों को मिली उन्होंने तत्काल घायल व्यक्ति को इलाज के लिए काशीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां रात्रि लगभग 8:30 बजे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक किसानी किया करता था। उसके एक 17 वर्ष का बेटा तरुण तथा 15 वर्ष की पुत्री हेमा है। अकस्मात घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। उधर दूसरी ओर स्थानीय पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## कंटेनरों से बनाया बैरिकेट,चप्पे चप्पे पर फोर्स

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए आज रूद्रपुर में हाईवे चकाचक नजर आया। चौराहों पर सुंदर फूल और हरियाली के साथ विदेशी मेहमानों का स्वागत हुआ। वहीं चप्पे चप्पे पर पुलिस फोर्स नजर आयी। इंदिरा चौक से लेकर गावा चौक तक पुलिस ने कंटेनरों का बैरिकेट बनाकर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। विदेशी मेहमानों के आने को लेकर आज पुलिस प्रशासन सुबह से ही अलर्ट नजर आया। सुबह से ही मुख्य मार्ग पर यातायात दुरूस्त करने के लिए फोर्स तैनात की गयी थी। दोपहर को मेहमानों का काफिला पहुंचने से पहले ही पूरे हाईवे पर यातायात बंद कर दिया गया। हाईवे पर मेहमानों के काफिले को कोई दिक्कत न हो इसके लिए जगह जगह फोर्स के तैनात रही। पुलिस के कई अधिकारी भी पूरी व्यवस्था पर नजर रखे हुए थे। इंदिरा चौक से लेकर गावा चौक तक सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने विशेष इंतजाम किये थे। यहां सड़क के एक ओर सर्विस लेन पर कंटेनरों को बेरीकेट के रूप में लगाया गया था। ताकि शहर की ओर से कोई भी वाहन बाजार की ओर से हाईवे पर प्रवेश ना कर सके।



## शॉर्ट सर्किट से दुकान में भड़की आग

लालकुआं (उद संवाददाता)। नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित कोतवाली के निकट चूड़ी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दुकान में रखा हजारों का सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है दुकान स्वामी अपनी दुकान बंद कर मस्जिद में नमाज पढ़ने गए हुए थे, तभी दुकान में पड़ोसियों ने धुआं उठता देखा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इधर आज पड़ोसियों ने राहगीरों की मदद से समय रहते ही आग पर काबू कर लिया, वरना बहुत बड़ी घटना घटित हो सकती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली के निकट सगीर सिद्दीकी की चूड़ी की दुकान है जोकि बीती रात दुकान बंद कर मस्जिद में नमाज पढ़ने गए हुए थे कि अचानक पड़ोसियों ने उनकी दुकान में धुआं उठता देखा जब तक कुछ समझ में आता दुकान में लगी आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। पड़ोसियों ने राहगीरों की मदद से बमुश्किल दुकान में लगी आग पर काबू पाया वरना पूरी मार्केट अग्निकांड की चपेट में आ जाती अग्निकांड का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## बूथ का कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की नींव: महेन्द्र भट्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर दौरे पर आये भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट लगातार पूरे जिले में विधानसभा वार बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक ले रहे है। बैठक के क्रम में भाजपा जिला कार्यालय बिगवाड़ा में रुद्रपुर विधानसभा की बूथ सशक्तिकरण अभियान की बैठक का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का जिला कार्यालय पहुँचने (शेष पृष्ठ सात पर)





# खालिस्तानी समर्थक पन्नू की रिकॉर्डेड आवाज में आए कई कॉल नंबरों की जांच में जुटी एसटीएफ

देहरादून। जी-20 सम्मेलन के दौरान खालिस्तान के समर्थन में झंडे लगाने और मुख्यमंत्री को धमकी देने वाले रिकॉर्डेड कॉल की जांच उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह काल खुद के प्रचार करने के लिए प्रतीत हो रही हैं, फिर भी एसटीएफ ने जांच शुरू कर दी है। फोन इंटरनेट के माध्यम से की गई हैं, लेकिन फोन कहां से करवाए गए हैं, इसकी जांच की जा रही है। इसी बीच कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के पास भी धमकी भरा फोन आने की सूचना मिली है। कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के पास खालिस्तानी समर्थक का धमकी भरा फोन आया है। अज्ञात व्यक्ति ने खुद को खालिस्तानी समर्थक बताकर कैबिनेट मंत्री को जी-20 सम्मेलन में न जाने की दी सलाह दी है। मंगलवार से रामनगर में जी-20 सम्मेलन शुरू होने जा रहा है, जिसमें 20 देशों के प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं। मंत्री को आए धमकी भरे फोन की पुलिस में शिकायत की गई है। पुलिस ने फोन नंबर की जांच



शुरू कर दी है। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए हैं। रविवार शाम को प्रतिबंधित संगठन सिख फार जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत पन्नू ने उत्तराखंड के रामनगर में होने जा रहे जी-20 सम्मेलन के दौरान खालिस्तानी झंडा लगाने की धमकी दी थी। विदेश में बैठे पन्नू की रिकॉर्डेड आवाज में इस तरह के धमकी वाले काल कई नंबरों पर आए। इसमें पन्नू ने रामनगर को खालिस्तान का हिस्सा बताते हुए सम्मेलन के दौरान वहां खालिस्तान के समर्थन में झंडे लगाने की बात कही है। इसके अलावा पन्नू धमकी भरे अंदाज में पहले आने वाले मेहमानों को संबोधित कर बोल रहा है कि रामनगर भारत का नहीं, बल्कि खालिस्तान का हिस्सा है।सिख फार जस्टिस रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट के अलावा बैठक के दौरान खालिस्तान के समर्थन में झंडे लगाएगा। इसके बाद वह मुख्यमंत्री को धमकी दे रहा है। कह रहा है कि यदि उत्तराखंड में उनके संगठन के लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए तो इसके लिए जिम्मेदार मुख्यमंत्री होंगे। पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए एसटीएफ के डीआइजी सैंथिल अबुदेई कृष्णा राज एस ने बताया कि जो रिकॉर्डेड काल आई हैं, उसकी एसटीएफ जांच कर रही है। खुद के प्रचार के लिए यह काल किए गए हैं।जी-20 सम्मेलन को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। पुलिस के उच्चाधिकारी रामनगर पहुंच चुके हैं, वहां पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफिंग की गई है। कार्यक्रम सही ढंग से सफल होगा। डीआइजी ने कहा कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा प्राथमिकता के आधार पर है। इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जिसने भी इस तरह के फोन काल किए हैं, उसका जल्द पता लगाया जाएगा। एसटीएफ की कई टीमें इसका पता लगाने में जुट गई हैं। पुलिस हर एंगल से इस मामले की जांच कर रही है, सुरक्षा में कहीं भी चूक नहीं होगी।

# 30 मार्च को हरिद्वार के दौरे पर आएंगे गृह मंत्री अमित शाह

देहरादून। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह अब 30 मार्च को उत्तराखंड के दौरे पर आएंगे। पहले उनका कार्यक्रम 31 मार्च को प्रस्तावित था। हरिद्वार में 30 मार्च को वह ऋषिकुल मैदान में आयोजित समारोह में राज्य की 670 बहुद्देश्यीय प्रारंभिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (एमपैक्स) को आनलाइन करने के साथ ही सहकारिता की कई योजनाओं की शुरुआत करेंगे।



इससे पहले वह गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह और बाद में पतंजलि योगपीठ में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। दिल्ली लौटते समय वह जौलीग्रांट एयरपोर्ट में अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।केंद्रीय मंत्री शाह का अब आधिकारिक कार्यक्रम राज्य को उपलब्ध हो गया है।इसके मुताबिक वह 30 मार्च को सुबह दिल्ली से हेलीकाप्टर से सीधे गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय पहुंचेंगे।दोपहर में पौने तीन बजे वह ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज मैदान में सहकारिता विभाग की ओर से आयोजित समारोह में भाग लेंगे।इसमें वह एमपैक्स को आनलाइन करने के साथ ही राज्य की 95 एमपैक्स में स्थापित जन सुविधा व जन औषधि केंद्रों का उद्घाटन भी करेंगे।वह कृषि एवं औद्यानिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित करने के अलावा दीनदयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण के चेक प्रदान करेंगे।सहकारिता मंत्री के हाथों 95 विकासखंडों में राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के अंतर्गत संयुक्त सहकारी खेती के संचालन की शुरुआत भी की जाएगी।केंद्रीय मंत्री शाह शाम को पतंजलि योगपीठ में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां अधिकारियों के साथ बैठक के बाद दिल्ली रवाना जाएंगे। उधर, केंद्रीय मंत्री शाह के हरिद्वार दौरे को देखते हुए सहकारिता विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। इस कड़ी में सहकारिता मंत्री डा धन सिंह रावत ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में आवश्यक निर्देश दिए।

# निलंबित क्रिकेट कोच के खिलाफ मुकदमे के निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन चमोली के सचिव व महिला क्रिकेट के निलंबित समन्वयक नरेंद्र शाह के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलीप सिंह कुंवर ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। तहरीर की कापी उन्होंने नेहरू कालोनी थाने को भेज दी है। एसएसपी ने पता वैरीफाई कराने को भी कहा है। सोमवार शाम को एक खिलाड़ी के स्वजन एसएसपी से मिले और कोच के खिलाफ शिकायत दी। शिकायतकर्ता ने बताया कि कोच लंबे समय से बच्चों के साथ गलत काम कर रहा था। दो दिन पहले ही इस मामले में एक आडियो भी वायरल हुआ है। तहरीर मिलने के बाद एसएसपी ने नेहरू कालोनी के थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा को कोच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि इस मामले में तहरीर की कापी मिल चुकी है। एक बच्ची के स्वजन ने कोच पर गंभीर आरोप लगाए हैं, उसकी जांच की जा रही है। बहरहाल तहरीर के आधार पर कोच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी किए गए हैं।शुक्रवार को एक ऑडियो वायरल जारी होने के बाद कोच नरेंद्र शाह ने जहर खा लिया था। गंभीर हालत में कोच को दून अस्पताल में भर्ती करवाया गया।चिकित्सकों की ओर से कोच को वेंटीलेटर पर रखा था, लेकिन हालत में थोड़ा सुधार आने पर सोमवार को उन्हें वेंटीलेटर से हटा दिया। हालांकि पुलिस अब तक उसके बयान दर्ज नहीं कर पाई है। अस्पताल में शाह के स्वजनों का कहना है कि वह अभी बयान नहीं दे सकता।रविवार को महिला आयोग ने डीआइजी कानून व्यवस्था पी रेणुका देवी से शिकायत की थी। इसके बाद डीआइजी ने एसपी सिटी सरिता डोबाल को मामले की जांच के निर्देश जारी किए थे। पुलिस के पास कोई भी शिकायतकर्ता न आने के चलते पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर पाई।बीते चार दिनों से ऑडियो क्लिप (फोन पर बातचीत की रिकार्डिंग) वायरल हो रही हैं। इसमें बात करने वाला व्यक्ति खुद का नाम लेते हुए कोच बता रहा है। वह किशोरी से बात करता सुनाई दे रहा है और उससे अश्लील बातें कर रहा है।






# बद्रीनाथ व केदारनाथ धाम में 300 रुपये देकर दर्शन करेंगे वीआईपी

देहरादून। बद्रीनाथ-केदारनाथ में विशेष दर्शन के लिए अब वीआईपी को 300 रुपये देने होंगे। कपाट खुलने के साथ ही यह व्यवस्था शुरू हो जाएगी। अभी तक दर्शन के लिए कोई शुल्क नहीं था। श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ समिति (बीकेटीसी) की बोर्ड बैठक में यह निर्णय लिया गया। बीकेटीसी के कैनाल रोड स्थित कार्यालय में अध्यक्ष अजेंद्र अजय की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। जिसमें पहली बार बद्रीनाथ व केदारनाथ में विशेष दर्शन के लिए वीआईपी को 300 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया। अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि इस पर समिति लंबे समय से विचार कर रही थी। तिरुपति बालाजी, श्री वैष्णो देवी, श्री महाकालेश्वर व श्री सोमनाथ मंदिर में पूजा, दर्शन की व्यवस्था व प्रबंधन के अध्ययन के लिए हाल ही में समिति के चार दल भेजे थे। दलों की रिपोर्ट के आधार पर बीकेटीसी ने बद्रीनाथ व केदारनाथ मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले सभी तरह के वीआईपी से विशेष दर्शन व प्रसाद के लिए प्रति व्यक्ति 300 रुपये शुल्क निर्धारित किया है। आम श्रद्धालु इसमें शामिल नहीं होंगे। वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत ही यह शुल्क लिया जाएगा। बताया कि बुकिंग कराने वाले के संबंध में मंदिर समिति के पास प्रोटोकाल आएगा। जिसके बाद समिति संबंधित की स्लिप तैयार करेगी व एक कर्मचारी उन्हें दर्शन कराएगा। इस व्यवस्था पर समिति विशेष तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि मंदिरों को मिलने वाले दान व चढ़ावे की गिनती के लिए पारदर्शी व्यवस्था रहेगी। दोनों धामों में पारदर्शी शीशे के हट बनाकर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। बोर्ड बैठक में आगामी यात्रा को लेकर भी विस्तृत कार्य योजना को स्वीकृति दी गई। बीकेटीसी में आईटी संबंधी कार्यों को मजबूती देने के लिए स्वयं की सूचना प्रौद्योगिकी इकाई गठित की जाएगी। बीकेटीसी के अस्थायी कार्मिकों के भविष्यगत लाभों को संरक्षित करने के लिए उन्हें ईपीएफ की सुविधा दी जाएगी। बैठक में बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार, सदस्य श्रीनिवास पोस्ती, कृपा राम सेमवाल, वीरेंद्र असवाल, राजपाल जड़दारी, भास्कर डिमरी, आशुतोष डिमरी, जय प्रकाश उनियाल, पुष्कर जोशी, मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, विशेष कार्याधिकारी रमेश रावत, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, कार्याधिकारी रमेश तिवारी आदि उपस्थित रहे। अभी तक वीआईपी को दर्शन कराने के लिए पुलिस, प्रशासन व बीकेटीसी आदि अपने-अपने तरीके से दर्शन व्यवस्था संभालते हैं। बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया कि बीकेटीसी के कार्मिक प्रोटोकॉल की व्यवस्था देखेंगे। इसके तहत दर्शन के लिए आने वाले वीआईपी को बीकेटीसी के कार्मिक ही मंदिरों में दर्शन कराने व प्रसाद वितरण की जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे वीआईपी सुविधा के नाम पर अव्यवस्था उत्पन्न नहीं होगी। बैठक में आगामी बजट को बोर्ड के समक्ष रखा गया। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बजट प्रस्तुत किया। आगामी वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 76,25,76,618 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया। बद्रीनाथ अधिष्ठान के लिए 39,90,57,492 करोड़ व केदारनाथ अधिष्ठान के लिए 36,35,19,126 करोड़ का परिव्यय प्रस्तावित है। बजट में विगत वर्ष की 65,53,11,583 करोड़ की आय के मुकाबले आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 94,26,23,042 करोड़ रुपये की प्रस्तावित आय का लक्ष्य रखा गया है। बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि मंदिर के लिए जो भी दान व चढ़ावा श्रद्धालु देते हैं, उसे बीकेटीसी के वेतनधारी पुजारी व कर्मचारी ग्रहण नहीं करेंगे। पूजा व्यवस्था से जुड़े कार्मिक श्रद्धालुओं को दान-चढ़ावे को दान पात्र में डालने को प्रेरित करेंगे। ऐसा ना करने पर कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बीकेटीसी में स्थिर वेतन पर जूनियर इंजीनियर के पद पर तैनात दीपक रावत व एक अस्थायी महिला कार्मिक कमला को लंबी अवधि से अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने पर सेवा से मुक्त कर दिया गया है। केदारनाथ धाम में आगामी यात्रा काल की शुरुआत में दानदाताओं के सहयोग से 100 किलोग्राम का एक अष्टधातु का त्रिशूल स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही मार्कण्डेय मंदिर मक्कूमठ के जीर्णशीर्ण सभा मंडप का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा।

# सर्किल रेट बढ़ने से होगी भ्रष्टाचार,धोखाधड़ी आयकर व स्टाम्प ड्यूटी चोरी में हुई वृद्धि

## नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर की सर्किल रेट पूर्ववत रखे जाने की मांग

काशीपुर(उद संवाददाता)। सर्किल रेट बढ़ाये जाने से केवल सम्पत्ति खरीदना आदि ही महंगा नहीं होगा बल्कि इससे भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी व स्टाम्प ड्यूटी तथा आयकर चोरी में भी वृद्धि होगी। इससे जहां खरीदार पर स्टाम्प ड्यूटी का भार बढ़ेग्या, वहीं विक्रेता पर आयकर का भार बढ़ेगा। काशीपुर निवासी 44 कानूनी पुस्तकों के लेखक तथा टैक्स सी.एच.आर.बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नदीम उद्दीन एडवोकेट ने सर्किल रेट बढ़ाये जाने से जनता तथा सरकार को होने वाले 8 नुकसानों की जानकारी देते हुये सर्किल रेट पूर्ववत करने की मांग करते हुये ज्ञापन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को भेजा है। श्री नदीम द्वारा भेजे ज्ञापन में 8 नुकसानों का वर्णन करते हुये लिखा गया है कि सर्किल बढ़ाये जाने से आम जनता के साथ-साथ सरकार के राजस्व पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा तथा इससे किसी को भी कोई वैध लाभ नहीं होगा। श्री नदीम के ज्ञापन के अनुसार आयकर अधिनियम की धारा 50सी के अनुसार अचल सम्पत्ति के हस्तांतरण पर कैपिटल गैन के निर्धारण सर्किल रेट के आधार पर किया जाता है। इसके अनुसार राजिस्ट्री की सम्पत्ति का वास्तविक मूल्य से यदि सर्किल रेट 10 प्रतिशत से अधिक होता तो सर्किल रेट को ही मूल्य मानकर आयकर का भुगतान करना होता है जो 3 वर्ष से अधिक के पहले प्राप्त सम्पत्तियों के हस्तांतरण के मामले में 20 प्रतिशत की दर से देना होता है, अन्य मामलों में आयकर स्लैब के अनुसार देना होता है। इसलिये सर्किल रेट बढ़ते ही आयकर में स्वत: ही वृद्धि हो जाती है। उल्लेखनीय है कि नगर निकाय क्षेत्र की तथा उसकी सीमा से 8 किमी. परिधि की कृषि भूमि पर कैपिटल गेन के रूप में आयकर का भुगतान करना होता है। इस प्रकार सर्किल रेट बढ़ने से जहां खरीदार पर स्टाम्प ड्यूटी की मार बढ़ी है, वहीं विक्रेता पर इंकम टैक्स की। श्री नदीम द्वारा ज्ञापन में उल्लेखित अन्य नुकसानों में बिना रजिस्ट्री, कच्चे कागजों को बनाकर सम्पत्ति खरीद-बिक्री के मामले बढ़ना जिससे सरकार के राजस्व का नुकसान होगा, वहीं खरीदार से धोखाधड़ी व शोषण की संभावनायें बढ़ेंगी। सम्पत्ति अधिग्रहण के मामलों में वास्तविक मूल्यों से अधिक मुआवजे एन.एच. घोटाले जैसे घोटालों की संभावनायें बढ़ना, गरीबों का अपना घर का सपना टूटना, कच्चे कागजों पर सम्पत्ति व्यापार में बढ़ोत्तरी से कालाधन बेनामी सम्पत्ति तथा भ्रष्टाचार में भारी वृद्धि की संभावना तथा स्टाम्प ड्यूटी तथा आयकर चोरी को बढ़ावा मिलने की संभावनाऐं शामिल है।

# विधानसभा को ई-विधानसभा बनाने की दिशा में कवायद तेज

देहरादून। उत्तराखंड की विधानसभा आने वाले दिनों में पेपरलेस होगी। साथ ही किसी भी विषय से जुड़ी जानकारी एक क्लिक पर कंप्यूटर स्क्रीन पर होगी। विधानसभा



को ई-विधानसभा बनाने की दिशा में अब कवायद तेज की जा रही है। इसी कड़ी में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने सोमवार को सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में इस सिलसिले में विमर्श किया। उन्होंने कहा कि गोवा, हिमाचल, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में ई-विधानसभा के दृष्टिगत अपनाई गई श्रेष्ठ तकनीकी का अध्ययन कर उसे यहां लागू किया जाएगा। विधानसभा को ई-विधानसभा में तब्दील करने के मद्देनजर पूर्व में डीपीआर तैयार की गई थी और इससे संबंधित प्रस्ताव भी केंद्र को भेजा गया था, लेकिन यह मुहिम विभिन्न कारणों से परवान नहीं चढ़ पाई। अब विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने इसे गंभीरता से लेकर तेजी से कदम बढ़ाने का निश्चय किया है। सोमवार को विधानसभा भवन स्थित सभागार में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि ई-विधानसभा बनाना समय की मांग है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सूचना तकनीकी के उपयोग से जहां समय व श्रम की बचत होती है, वहीं ई-विधानसभा का उपयोग करके अधिक संख्या में व्यक्तियों का समावेश करना आसान होता है। विधायकों के अलावा आमजन भी इस प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी राय रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य गठन से लेकर अब तक विधानसभा सत्रों के दौरान जितने दिन भी सदन चला है, उसकी पूरी जानकारी एक जगह डिजिटल रूप में संग्रहित की जाएगी। इससे किसी को भी एक क्लिक में पूरी जानकारी मिल सकेगी। बैठक में विधायक खजानदास, उमेश शर्मा काऊ, वीरेंद्र कुमार, मोहम्मद शहजाद, राजकुमार पोरी, अपर सचिव सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी विजय कुमार, अपर सचिव वित्त अरुणेंद्र चौहान, विधानसभा के प्रभारी सचिव हेम पंत समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतों का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# सड़क निर्माण मे गुणवत्ताविहीन कार्य करने का आरोप

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागेश्वर जिला मुख्यालय से दफौट क्षेत्र से पिथौरागढ़ जिले को जोड़ने के लिए बनाई गई सड़क अपनी बदहाली को बयां कर रही है, लोनिवि द्वारा गुरना गांव से झलतोला विद्यालय के समीप तक सड़क का डामरीकरण और कलवर्ट निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य करने का आरोप लगाया है,वही सोलिंग के लिए वन भूमि में अवैध तरीके से जेसीबी मशीन से पहाड़ी कटान कर अवैध रूप से पत्थर निकालने की शिकायत ग्रामीण ने शोशल मीडिया द्वारा जिला प्रशासन और वन विभाग से कार्रवाई की मांग की है, वन भूमि से अवैध कटान होने के बाद भी वन विभाग द्वारा कोई सुध नही लेने, ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नही होने,शिकायत करने पर ठेकेदार द्वारा ऊंची पहुंच और डराने धमकाने की बात कहने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया



है, ग्रामीण देबेन्द्र नगरकोटी ने वीडियो जारी कर सड़क निर्माण और अवैध खनन की उच्च स्तरीय जांच की मांग जिलाधिकारी से की है, ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में विभागीय मिलीभगत का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जल्द सड़क निर्माण की जांच, और गुणवत्ताविहीन कार्य की जांच नही करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।वही मामले में प्रभागीय वनाधिकारी और जिलाधिकारी द्वारा वन क्षेत्र में अवैध खनन होने पर जांच कर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है, मामले में प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी ने बताया कि यदि वन क्षेत्र में बिना स्वीकृति के किसी भी प्रकार का खनन करने पर रोक है, यदि किसी के द्वारा भी अवैध खनन किया गया होगा तो वन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी, वही मामले में धरमघर रेंज के रेंजर को तत्काल जांच कर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।वही वन क्षेत्र में पूर्व में भी खनन कि शिकायतें हुई थी पर अभी तक किसी के खिलाफ भी कोई सख्त कार्रवाई नही हो पाई है, ऐसे में अब देखने वाली बात होगी कि वन विभाग और जिला प्रशासन मामले में किस तरह जांच कर कार्रवाई करता है ये कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट होगा,ग्रामीणों ने ठेकेदार को पहले ही ऊंची रसूख का बताया है, ऐसे में यदि ठेकेदार सत्तादल से ताल्लुक रखता होगा तो लोगों ने जांच केवल दिखावे की होने की बात कही है।

# पत्रकार जगमोहन फुटेला के निधन पर शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला बार एसोसिएशन उधममसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चन्द्र छाबड़ा ने दैनिक जागरण पँजाब केसरी तथा विभिन्न समाचार पत्रों में पँजाब , हरियाणा और दिल्ली में ब्यूरो चीफ के रूप में कार्य कर चुके वरिष्ठ पत्रकार ग्राम आजादनगर तहसील किच्छा निवासी जगमोहन फुटेला के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निधन को पत्रकारिता जगत के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। एडवोकेट छाबड़ा ने कहा कि जगमोहन जी एक बहुत ही निर्भीक और साहसी पत्रकार थे उन्होंने आतंकवाद के दिनों में मौत के साए में मंडराते खतरे के बावजूद अपनी कलम चलाई और अनेकों धमकियों के बावजूद भी अपनी कलम को थमने नहीं दिया ऐसे वीर पत्रकार को खो देना बहुत ही कष्टकारी है। लोकतन्त्र सेनानी मुकेश बल्ली चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने अपनी कलम से पूरे तराई इलाके का नाम रोशन किया। लोकतन्त्र सेनानी कस्तूरी लाल तागरा ने कहा कि जगमोहन भाई साहस और निर्भीकता के पर्यायवाची थे । शहीद भगत सिंह महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष तथा ओमेक्स सोसायटी के सचिव अभिनव छाबडा ने कहा कि वे युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे हम उनकी कमी हमेशा खलेगी। श्रद्धांजलि देने वालों में अशोक मिड्ढा, जगदीश छाबड़ा इन्द्रसेन खेड़ा , विशाल खेड़ा, शुभमशर्मा, सरदार परमजीत सिंह चावला, नरेश कुमार सेठ, अधिवक्ता कमल चिलाना सुनील शर्मा , नीरज त्यागी वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार फुटेला आदि भी शामिल हैं।

# रामनवमी पर्व पर नगर में निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आगामी रामनवमी के पर्व पर श्री राम भक्त सेवा समिति द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस आशय की जानकारी देते समिति के पाधिकारियों ने बताया कि 30 मार्च को रामनवमी पर्व पर रामलीला मैदान से दोपहर दो बजे शोभा यात्रा प्रारंभ होगी। जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर तिकोनिया, रेलवे बाजार, सिंधी चौराहा होते हुए वापस रामलीला मैदान में संपन्न होगी। उन्होंने बताया



कि शोभा यात्रा मुख्य झांकी के रूप में भगवान श्री राम दरबार की भव्य झांकी प्रदर्शित की जायेगी। इस दौरान रक्षित सिंह चिलवाल, उपाध्यक्ष प्रणय बाली, कोषाध्यक्ष प्रियांशु आर्य, गौरव वर्मा, पीयूष सांगा, चम्पा चिलवाल, राजेश बगडवाल, शैलेंद्र बाली, रविंदर बाली, गौरव तिवारी, अर्जुन कनवाल व भरत जोशी आदि मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं ने विधिविधान से की मां कालरात्रि की पूजा अर्चना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पवन नवरात्र पर्व पर आज सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि समर्पित कर पूजा अर्चना की। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

# शराब की दुकानों की नीलामी एक अप्रैल को

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वन्दना ने बताया कि उत्तराखण्ड शासन,आबकारी अनुभाग, देहरादून के निर्देशानुसार जनपद अल्मोड़ा में संचालित 31 विदेशी मदिरा दुकान एवं 18 देशी मदिरा दुकानों का नवीनीकरण व नवीनीकरण के पश्चात् अवशेष मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन लॉटरी प्रक्रिया वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु दिनॉक 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक की अवधि के लिए नवीन कलेक्ट्रेट, अल्मोड़ा के सभागार में उत्तराखण्ड आबकारी नीति विषयक नियमावली, 2023 के अनुसार की जायेगी। उन्होंने बताया कि दिनॉक 29 मार्च, 2023 को प्रथम चरण नवीनीकरण में मदिरा दुकान के नवीनीकरण हेतु आवेदन की तिथि पश्चात् नवीनीकरण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर जिलाधिकारी द्वारा सांय 05:00 बजे तक जॉच पश्चात् स्वीकृति प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण लॉटरी द्वारा दिनॉक 31 मार्च, 2023 अपरान्ह् 03:00 बजे तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे तथा अपरान्ह् 05:00 बजे से प्रक्रिया समाप्त होने तक की जायेगी। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के पश्चात् मदिरा दुकानों का आवंटन पूर्ण राजस्व पर प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्वान्त के आधार पर किया जायेगा।

# कच्ची शराब समेत एक गिरफ्तार

काशीपुर( उद संवाददाता)। 30 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत एक और तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पकड़े गए शराब तस्कर का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने जगतपुर तिराहे के समीप स्थित राज कॉलोनी के पास से संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक व्यक्ति को धर दबोचा। पुलिस की गाड़ी पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम ग्राम जगतपुर निवासी सुरेंद्र पुत्र सुज्योत बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने पकड़े गए शराब तस्कर का धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया।

# चोरी की पांच बाइक के साथ तीन किशोर पकड़े

सितारगंज(उद संवाददाता)। पुलिस ने चोरी की पांच बाइक के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के नाबालिग होने पर पुलिस ने उन्हें किशोर न्यायालय में पेशी कर बाल सुधार गृह भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि बीते 18 जनवरी को चौमेला गांव में बृजेश सिंह राना के घर विवाह समारोह चल रहा था। इसी बीच चोरों ने उनकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। नौ फरवरी को टुकड़ी गांव के जगदीश सिंह, 22 फरवरी को गोठा गांव निवासी जितेंद्र कुमार और 23 फरवरी को विजराटा मेले से ध्यानपुर गांव निवासी गुरबचन सिंह की बाइक चोरी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक बृजवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक चोरी के आरोप में तीन नाबालिगों को पकड़ा। उनकी निशानदेही पर उक्त चोरी की चार बाइक समेत कुल पांच बाइक बमनपुरी के पास आम के बगीचे से बरामद की। बताया कि पकड़े गए चोरी के आरोपी तीनों किशोरों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें किशोर न्यायालय भेज दिया गया।

# हल्द्वानी मेडिकल कालेज में फिर हुई रैगिंग

हल्द्वानी।राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी तीन महीने बाद फिर से रैगिंग का मामला सामने आया है। मैस में सूक्ष्म जलपान के समय सीनियर छात्रों ने जूनियर पर अभद्रता की। नौबत मारपीट तक पहुंच गई थी। घटना की सूचना प्राचार्य प्रो. अरुण जोशी तक पहुंच गई। इस मामले में किसी ने शिकायत नहीं की लेकिन प्राचार्य ने घटना का स्वत: संज्ञान लेते हुए 27 मार्च को दोपहर ढाई बजे एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुला ली। कमेटी ने सभी के बयान लिए। सीसीटीवी फुटेज देखे। घटना की पुष्टि होने पर वर्ष 2022 बैच के एक एमबीबीएस छात्र को मुख्य आरोपित मानते हुए छह महीने के लेकर हॉस्टल से निकाल दिया है। साथ ही छह महीने के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर भी रोक लगा दी है। दो अन्य सीनियर छात्रों को एक महीने के लिए शैक्षणिक गतिविधियों पर रोक लगाते हुए छह महीने के लिए हॉस्टल से बाहर कर दिया है।

# युवा पत्रकार तनुज वालिया का निधन

## मुख्यमंत्री धामी और सूचना महानिदेशक तिवारी ने जताया शोक

हरिद्वार(उद संवाददाता)। युवा एवं वरिष्ठ पत्रकार तनुज वालिया पंचतत्व में विलीन हो गए उनके सुपुत्र रुद्रा वालिया ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। उनका अंतिम संस्कार आज



कनखल स्थित शमशान घाट पर किया गया। वे 45 वर्ष के थे। तनुज वालिया के निधन पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दु:ख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी तनुज वालिया के आकस्मिक निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की कामना की है। नैनीताल के आयुक्त दीपक रावत हरिद्वार के जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने तनुज वालिया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें प्रखर पत्रकार बताया कल रविवार की देर रात उनको हृदयघात हुआ। जिसके बाद उन्होंने मेट्रो अस्पताल में रात्रि 12.30 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। उन्हें शहर के तमाम पत्रकारों, राजनेताओं व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।हरिद्वार की पत्रकारिता का जाना माना नाम और अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर तनुज वालिया का देर रात हार्ट अटैक आने के बाद तबियत बिगड़ने के कारण मेट्रो हॉस्पिटल में निधन हो गया।ये खबर सुनते ही हरिद्वार में उनके रिश्तेदारों सहित सभी पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। हरिद्वार के कई लोकप्रिय समाचार पत्रों जैसे अमर उजाला,दैनिक जागरण सहित कई बड़े बड़े इलेक्ट्रॉनिक चौनल में सेवाए देने के बाद इन दिनों वे ईटीवी उत्तराखंड ने कार्यकर्त थे। रोजाना की तरह अपने काम को गंभीरता से लेते हुए रविवार को भी उन्होंने निरंतर खबरे प्रसारित की उनके द्वारा रविवार को आखिरी खबर सायंकाल 6:22 पर भेजी गई जिसके बाद अचानक उनकी तबियत बिगड़ने पर उन्हें सिडिकुल स्तिथ मेट्रो हॉस्पिटल में भर्ती किया गया जहा देर रात उनका निधन हो गया। मृत्यु की खबर आते ही जिसे जिसे भी खबर प्राप्त होती रही वह वह हॉस्पिटल और उनके आवास और मेट्रो हॉस्पिटल की तरफ दौड़ पड़ा। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी तादाद में पत्रकार राजनेता समाजसेवी धर्माचार्य मौजूद थे।

# कार सवार दो युवकों से मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में कुछ युवकों ने कार दो युवकों से मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में दुष्यंत कुमार पुत्र हरिओम निवासी जनपथ कालोनी, फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि वह अपने दोस्त मोहित के साथ 26 मार्च की रात्रि सिडकुल से जनपथ कालोनी स्थित अपने घर जा रहा था। इसी दौरान पहाड़ी सुनार से पहले मोड पर उसकी कार संख्या यूपी 21 सीजे 8162 के सामने अचानक तीन अज्ञात लड़के सड़क पर आ गये। उसने युवकों से कहा कि थोडा साईड हो जाओ, इतना कहने पर उक्त युवक मारने-पीटने की धमकी देने लगे और अपने अन्य साथियों को बुला लिया। जिसमें रोहित और राहुल नाम के लड़के भी शामिल थे। आरोप है उन्होंने आते ही दोनों के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके पेट और दोनो टागों पर लोहे की रॉड से वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी पेंट की जेब में रखा मोबाईल भी टूट गया। उसके दोस्त मोहित के भी शरीर पर काफी गुम चोटे आयी है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

**न्यायालय श्रीमान परिवार न्यायाधीश महोदय द्वितीय, रूद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर ।**

(अखबार छाया हेतु सम्मन)

विवाह विच्छेद याचिका संख्या-149 सन् 2022

**प्रार्थी / याची- प्रेम अधिकारी**

बनाम

**विपक्षी - श्रीमती रूचि**

सम्मन बनाम-श्रीमती रुचि पत्नी श्री प्रेम अधिकारी पुत्री श्री चन्द्र प्रकाश निवासी म0नं0-145 वार्ड नं0-1 जगतपुर मुखर्जीनगर थाना ट्रांजिट कैम्प जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड )

हरगाह आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध एक वाद अन्तर्गत धारा -13ए हिन्दू विवाह अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो दर्ज रजिस्टर कर लिया गया है जिसमें वास्ते सुनवाई / जबाबदावा / सुलहवार्ता दिनांक-29-03-2023 नियत है। अत: आप नियत तिथि को दिन के 10:00 बजे स्वयं या मय अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होवे अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कर दिया जायेगा ।

आज दिनांक 25-03-2013 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**सुधीर तोमर**
न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय (द्वितीय)
ऊधम सिंह नगर (रूद्रपुर)

# बहुउद्देशीय शिविर में दो दर्जन से अधिक शिकायतें दर्ज

## किसानों की खराब हुई गेहूं एवं सरसों की फसल का आंकलन करने की मांग

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक साल नई मिसाल कार्यक्रम के अर्न्गत ब्लाक कार्यालय में एक दिवसीय जनसेवा कार्यक्रम/बहुउद्देशीय शिविर/चिकित्सा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा करीब दो दर्जन के एक वर्ष पूर्ण होने पर उनकी उपलब्धियों को विस्तार से बताया गया। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गयी। शिविर में करीब 17 शिकायतें दर्ज की गयी जिसमें प्रमुख रुप से बिजली, सिंचाई, राजस्व संबंधी में खतौनी, ग्राम्य विकास संबंधी, जलसंस्थान, रोड को स्वीकृति प्रमाण पत्र दिये गये। सात महिला समूहों की सीसी लिमिट बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की गयी। जय मां काली महिला स्वयं सहायता समूह खानपुर पूरव, अन्नपूर्णा महिला स्वयं सहायता समूह पिपलिया नंबर एक, राधे-राधे महिला स्वयं सहायता समूह पत्थरकुई सरदारनगर को विशेष कार्यो इस मौके पर, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, विधायक प्रतिनिधि राजेश गुम्बर, कनिष्ट ब्लाक प्रमुख डिप्सन नरुला, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, नोडल अधिकारी संजय छिमवाल, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी जगदीश चन्द्रा पूर्व ग्राम प्रध





से अधिक स्टाल लगाकर उनके विभाग द्वारा पोषित योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में करीब दो दर्जन से अधिक समस्याओं दर्ज की गयी। जिसमें प्रमुख रुप से दैवीय आपदा के तहत किसानों की गेहूं व सरसों की खराब हुई फसल का मुआवजा दिलाये जाने की मांग की गयी। ब्लाक कार्यालय सभागार में बहुउद्देशीय शिविर तहसीलदार पूजा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रुप पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द पांडेय, एवं अतिथि के रुप में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश निर्माण आदि दर्ज की गयी। शिविर में पहुंचे किसानों ने विगत दिनों हुई अचानक बरसात से खड़ी गेहूं एवं सरसों की फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा दिलाये जाने की पुरजोर मांग की गयी। इस दौरान तहसीलदार ने दर्ज की गयी शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए शीघ्र निस्तारण करने के दिशा निर्देश दिये। वहीं क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय ने भी दर्ज की गयी शिकायतों को अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के भी दिशा निर्देश दिये गये। शिविर में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 20 लाभार्थियों के लिए सम्मान पत्र दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के करीब दो दर्जन स्टाल लगाये गये जिसमें प्रमुख रुप से कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, कौशल विकास एवं सेवायोजना विभाग, बाल विकास विभाग, दुग्ध उत्पादक विभाग, उद्यान एवं खाद्य विभाग, आरबीएसके विभाग, यूपीसीएल विभाग, मत्यस विभाग, पशुपालन विभाग, नगरपालिका परिषद विभाग, पंचायती राज विभाग, जल संचय जीवन विभाग, आयुर्वेदिक एवं स्वास्थ्य विभाग, अल्प संरक्षण विभाग, शिक्षा अभियान विभाग, खाद्य नागरिक उपभोक्ता विभाग शामिल थे। ान शैलेन्द्र शर्मा, अश्वनी कुमार, बीना भण्डारी, दीपा, मनीषा, डा. ऋषि गुप्ता, पुष्पा जोशी, निर्मल कुमार, विद्युत विभाग के जेई महताब अली, फरमान अली, डा. प्रशांत चौहान, डा. रवि शंकर झा, संगीता, जीएस चौहान, राजेश भाकुनी, चन्द्र प्रकाश रावत, जगदीश चन्द्रा, सलविन्दर सिहं, साहिल गाबा, अमिज पनेरु, परमजीत सिंह पम्मा, राजेश सक्सेना, सुरजीत सिंह, संजय कुमार, हरीश चन्द्र, मुकेश कुमार, दीपक असगोला, धर्मानंद जोशी, सुमित उपाध्याय आदि अधिकारी एवं कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सतीश चुघ ने किया।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में बहेगी धार्मिक प्रवाचनों की रसधारा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज द्वारा संस्थापित एवं संचालित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 9 से 15 अप्रैल 2023 तक श्री गुरु नानक पब्लिक महिला इन्टर कॉलेज मैदान, बन्नू स्कूल के पास, रेस कोर्स, देहरादून में भव्य श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका वाचन कथा व्यास साध्वी अदिति भारती जी करेंगी। कथा का समय सायं 4 से रात्रि 8 बजे तक का रहेगा। इसी उपलक्ष्य




में संस्थान प्रतिनिधि स्वामी आदित्यानंद जी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से विशेष मुलाकात की तथा उन्हें इस भव्य कथा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री कथा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस विशेष मुलाकात के दरमियान मुखमंत्री ने संस्थान द्वारा आयोजित किए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि समाज में मानव उत्थान हेतु एवं देश की नई युवा पीढ़ी को सुसंस्कारित करने के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। संस्थान द्वारा देहरादून शहर में कथा की विशाल स्तर पर तैयारियां शुरू की जा चुकी है। संस्थान के अन्य प्रवक्ताओं ने बताया कि इस कथा में शहर के अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे। तथा क्षेत्र वासियों में इस कथा को लेकर खुशी व उत्साह की लहर है।

# खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।राजपुरा चौकी पुलिस द्वारा अवैध सट्टा लगाते हुए एक सट्टेबाज को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी राजपुरा उप निरीक्षक दिनेश जोशी द्वारा राजपुरा क्षेत्र अंतर्गत एक सट्टेबाज विशाल आर्य पुत्र स्व. किशनलाल निवासी वार्ड नंबर 13 राजपुरा को अवैध रूप से सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पैन, गत्ता, सट्टा पर्ची व 1140 रुपए नगद बरामद हुए। पुलिस ने विशाल के विरुद्ध कोतवाली में 13 जुआ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# राष्ट्र निर्माण हेतु युवाओं को कर्त्तव्य बोध आवश्यक

रामनगर(उद संवाददाता)। राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को अपना कर्त्तव्यबोध होना अति आवश्यक है यह बात बतौर मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट(डॉ.) डी.एन.जोशी ने स्वयंसेवियों से कही।उन्होंने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता, अनुशासन, लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को बताते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया। पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई सात दिवसीय विशेष शिविर अटल उत्कृष्ट राजकीय कन्या इंटर कालेज रामनगर में आयोजित किया जा रहा है।शिविर के चतुर्थ दिवस की शुरुआत लक्ष्यगीत से हुई।श्रमदान सत्र में सभी शिविरार्थियों ने खताड़ी, लखनपुर एवं भरतपुरी में स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्थानीय निवासियों से इसके महत्व के बारे में परिचर्चा की। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय के इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.जया भट्ट ने शिविरार्थियों को ड्रग्स,डिप्रेशन एवं उसके दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारियां देकर उससे बचाव के तरीकों को समझाया।संस्कृत विभाग प्रभारी डॉ. मूलचंद शुक्ल ने




शिविरार्थियों को सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण हेतु संस्कृत ज्ञान परंपरा की कुछ बाते साझा की।योगाचार्य डॉ.नितिन ढोमने ने योग द्वारा व्यक्तित्व विकास, मन को कैसे वश में करे,गोल कैसे बनाए, उसे कैसे प्राप्त करें, सुपर ब्रेन योग, एकाग्रता और हास्य योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो.जगमोहन सिंह नेगी ने कार्यक्रम को संचालित करते हुए विद्यार्थी जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। भौतिक विज्ञान के विभाग प्रभारी डॉ. सुभाष चंद्र पोखरियाल ने शिविरार्थियों को अनुशासन एवं अपने लक्ष्यों पर एकाग्रता विषय पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम में अंकुल सिंह , संजय, विशाल डंगवाल, मो. इरशाद आकाश ने कई विषयों पर चर्चा की गई।शिविर में समस्त स्वयं सेवी एवं प्रकाश चंद उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त ड्यूटी का बहिष्कार करेंगे फार्मासिस्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोशिएसन जनपद शाखा की एक आम बैठक संघ के जिलाध्यक्ष बी एन बेलवाल की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आहूत की गयी। जिसमें सभी सदस्यों ने एक स्वर में निर्णय लिया गया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीन वीआईपी डयूटी, चार धाम यात्रा मार्ग ड्यूटी, मेला ड्यूटी आदि के दृष्टिगत फार्मेसिस्ट संवर्ग के अस्थगित रखे गए 63 पद (33 फार्मासिस्ट व 30 चीक कार्यो को अविलम्ब क्रियाशील ना किए जाने तथा आईपी एचएस मानक, में संशोधन कर चिकित्सालयों में सर्वग के पदों में वृद्धि न किए जाने पर उक्त कार्यों का बहिष्कार किया जायेगा। फार्मासिस्ट संवर्ग में आईपीएचएस मानक के बाद पदों में भारी कटौती होने के कारण एक-एक, फार्मासिस्ट को दो-दो जगह के अस्पतालों में कार्य करना पड रहा है, जिससे कि मूल तैनाती वाले चिकित्सालय में कार्य वाचित हो जाता है। एकल फार्मासिस्ट को अकेले डिस्पेंसिंग, इंजेक्शन एआरयू, इमरजेंसी स्टोर, वीआईपी ड्यूटी, पोस्ट मार्टम डयूटी, खेल ड्यूटी आदि कई कार्य अकेले करने पडते हैं। अगर मांगो का



समय रहते विचार नहीं किया गया फार्मासिस्ट शीघ्र ही अपने कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यों का बहिष्कार करेंगे। इसके अतिरिक्त कोविड़ 19 में रात दिन ड्यूटी करने के बाद भी फार्मासिस्ट संवर्ग को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया गया। सभा की अध्यक्षता वीएन बेलवाल ने तथा संचालन जिला मंत्री आरएस रौतेला ने किया। सभा में मण्डल अध्यक्ष आरएस अधिकारी, मण्डलीय सचिव डीके जोशी, उपाध्यक्ष एचसी सती, संगठन मंत्री जीपी मिश्रा, कोषाध्यक्ष एसपीएस रावत, आडिटर सुरेश वर्मा, प्रान्तीय कार्यसमिति सदस्य डा. जेके पन्त, एनके पंत, विकास ग्वाडी, ममता भटनागर, दिनेश टम्टा, केसी नैलवाल, नसीम अख्तर, जीत सिंह राणा, दलजीत सिंह, राजीव वर्मा, आरडी काण्डपाल मुकेश, पीएस राना, आरती पाल, योगेन्द्र, मनोहर गंगवार आदि फार्मासिस्ट उपास्थित थे।

# आंबेडकर जयंती पर होगा भाषण व पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। आंबेडकर जयंती समारोह समिति की यहां आयोजित बैठक में अंबेडकर जयंती धूमधाम के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छोलिया नृत्य बाबा साहेब आंबेडर की 140वीं जयंती मनाई जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि जयंती कार्यक्रम को विगत वर्षो की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा



व शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। इस दौरान भाषण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए लोगों को जिम्मेदारी भी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि 14 अप्रैल को से किया जाएगा। यह शोभायात्रा तहसील रोड से जिला पंचायत कार्यालय बागेश्वर स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल की जाएगी। शोभायात्रा में छोलिया नृत्य के साथ ही सांस्कृतिक दलों के साथ ही डॉक्टर आंबेडकर को अपना आदर्श मानने वाले सामाजिक संगठनों, सामाजिक राजनीतिक दलों से जुड़े हुए लोगों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों, विद्यार्थियों आदि को भी आमंत्रित किया जाएगा। इससे पूर्व जनपद के विद्यालयों में डॉक्टर अंबेडकर के जीवन और संघर्ष से संबंधित भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के लिए कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक जनप्रतिनिधियोंसहित प्रशासनिक अधिकारियोंको आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजय कुमार, संचालन हरिप्रसाद द्वारा किया। कार्यक्रम में गोविंद प्रसाद आगरी, संजय टम्टा, सुरेंद्र कुमार चंतोला, विवेकानंद टम्टा, नवीन त्रिकोटी, अरविंद कुमार, सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जी 20 के तहत गरुड़ महाविद्यालय में प्रतियोगितायें आयोजित

गरुड़(उद संवाददाता)। सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में ळ20 के आलोक में अर्थशास्त्र और गृहविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रेमलता कुमारी ने ळ-20 के तहत किये जा रहे कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा की कहा कि भारत मे स्वास्थ्य को लेकर बहुत जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वस्थ खान पान और जीवनशैली अपनाने से हम अपने राष्ट्र को प्रगति पथ पर ले जा सकते हैं। होम साइंस की प्राध्यापिका डॉ लता आर्य ने भारत में स्वास्थ्य सुविधाओं और चुनोतियो पर विस्तृत व्याख्यान दिया। अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर शेर राम टम्टा ने विद्यार्थियों की जी20 से संबंधित जिज्ञासा को बेहतर बताया। कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था आज देश को प्रगति मार्ग की ओर ले जा रही है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ हेमचंद्र दुबे ने छात्र छात्राओं को रेगुलर हेल्थ चेक अप करने की सलाह दी। इस मौके पर



आयोजित निबंध प्रतियोगिता में रितु बोरा प्रथम अनीस कुमार द्वितीय और गायत्री पांडे तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में रवीना रावत ने प्रथम, बबीता बोरा ने द्वितीय और राधा तृतीय स्थान पर रहे। त्वरित भाषण प्रतियोगिता में नीरज बिष्ट हर्षिता पंत और गायत्री दुबे ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ हेमचंद्र दुबे और डॉ शिवप्रकाश राय निर्णायक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रोफेसर प्रेमलता कुमारी ने की संचालन शेर राम टम्टा और डॉ लता आर्या ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर डॉ अवधेश तिवारी डॉ करुणा मिश्र रेखा कुमारी आदि मौजूद रहे।

# जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर का आयोजन





गरुड़ (उद संवाददाता)।गरुड़ विकास खण्ड में सरकार के एक साल नई मिसाल कार्यक्रम के तहत जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष बसंती देव, ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट,विधायक प्रतिनिधि मनोज ओली व जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने दीप जलाकर किया। इसके बाद विकास प्रदर्शनी देखी। सीएम विवेकाधीन कोष के चेक भी बांटे।रामलीला मैदान गरुड़ में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष देव ने कहा कि उत्तराखंड में विकास की नई परिभाषा लिखी जा रही है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार स्वास्थ, शिक्षा,कृषि, उद्यान, सड़क, सिंचाई,पेयजल,संचार व स्वरोजगार के क्षेत्र में त्वरित कार्य किया जा रहा है। मडुवा,झिगोरा, पहाडी दालों का उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में काम हो रहा है। राज्य में डबल इंजन की सरकार द्वारा राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से विकास को चार चांद लग रहा है, वही जिले को भी सरकार द्वारा विकास कार्यो में पर्याप्त सहयोग दिया जा रहा है,विधायक प्रतिनिधि मनोज ओली ने कहा कि सरकार का लक्ष्य जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करना है। बागेश्वर विधानसभा क्षेत्र में 95 प्रतिशत गांव सड़क मार्ग से जोडेघ् गए हैं। सरकार ने घाटे में चल रही परिवहन निगम को घाटे से उभारा है, आज परिवहन निगम 20 करोड़ से भी अधिक मुनाफे में है। जल्द जिले के परिवहन डिपो को हाईटेक बनाने के लिए कार्य हो रहा है,जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनपद के विकास में कर्मठता से कार्य कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।कहा कि जिला प्रशासन लगातार सरकार की योजनाओं को धरातल पर प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कार्य कर रहा है, जिला उन्नति के पथ पर अग्रसर है, जिला पलायन रोकने के लिए लगातार प्रयासरत है, प्रवासियों को रोजगार देने जिले के प्रगतिशील काश्तकारों उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है,वोकल फॉर लोकल के आधार पर स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजार उपलब्ध कराकर किसानों काश्तकारों और औद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करने वालों को सरकारी योजनाओं और वित्तीय सहायता से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, जल्द जिला औद्यानिकरण के क्षेत्र में राज्य में पहला पहाड़ी जिला बनेगा इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख हेमा बिष्ट ने की। राइंका इंटर कालेज पाये की छात्राओं व जन कल्याण समिति कुवांरी के कलाकरों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, ज्येष्ठ प्रमुख बहादुर सिंह कोरंगा, कनिष्ठ प्रमुख दीपा जोशी, जिला पंचायत सदस्य जर्नादन लोहनी, सुनीता आर्या, भावना दोसाद, गोपाल किरमोलिया, महामंत्री घनश्याम जोशी, मंडल अध्यक्ष मंगल राणा,भैरव नाथ, हेमा पंत, सुनील दोसाद, रघुनाथ टम्टा, देवेंद्र गोस्वामी,इंद्र सिंह बिष्ट,मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह,जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.डीपी जोशी, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, महाप्रबंधक दुग्ध संघ राजेश मेहता, सहायक निदेशक दुग्ध अनुराग मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.आर चंद्रा आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी द्वारा किया गया। शिविर में 27 शिकायते पंजीकृत हुई। स्वास्थ विभाग 201 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण कर दवा बांटी। 17 लोंगो के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए। , होम्योपैथिक ने 103 तथा आयुर्वेदिक द्वारा 165 का स्वास्थ परीक्षण व दवा वितरण किया गया। वाल विकास विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट व पांच वर्ष तक के बच्चों को स्वच्छता किट वितरित किए गए। जिला अग्रणी बैंक द्वारा 35 लोंगों को लाभान्वित करने के साथ ही छह लाभार्थियों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन के चेक वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी द्वारा किया गया।

# नशा उन्मूलन पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशा उन्मूलन समिति के तत्वावधान में नशे से होने वाले नुकसान के प्रति सबको जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अन्तर्गत एक नुक्कड़ कैडिटों ने एक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन नशा उन्मूलन समिति की संयोजिका डॉ. कमला डी भारद्वाज ने बताया कि देवभूमि उत्तराखंड को 2025 तक नशा मुक्त बनाना हैं। इसे सफल बनाने में जनजागरुकता की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केके पाण्डेय ने नशा उन्मूलन से संबन्धित जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर नशा उन्मूलन से संबंधित शपथ छात्रों को दिलवायी गई। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य नशा उन्मूलन नाटक प्रतियोगिता में रोवर्स रेंजर्स के स्वयंसेवियों ने प्रथम, एनसीसी के स्वयंसेवियों ने द्वितीय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के परिणाम के पश्चात स्वयंसेवियों ने नशा उन्मूलन से संबंधित जनजागरुक कार्यक्रम में नशा






नाटक प्रतियोगिता एवं जनजागरुकता रैली का आयोजन भी किया गया। नुक्कड़ नाटकों की श्रृंखला में विविध विषयों पर चार प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने दो, रोवर्स रेंजर्स के स्वयंसेवियों ने एक व एनसीसी के राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपमाला ने युवाओं से नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देकर इससे दूर रहने को कहा। रेंजर्स प्रभारी डा. विवेकानंद पाठक ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सशक्त समाज बनाने हेतु नशा का पूर्णतः उन्मूलन करना होगा। समिति के सदस्य डॉ० अंचलेश कुमार द्वारा किया गया। इसमें उन्होंने नशा उन्मूलन के संबंध में विस्तार से चर्चा की। निर्णायक मंडल की भूमिका पूनम शाह व डा. निर्मला जोशी ने निवर्हन की। डॉ. निर्मला जोशी द्वारा एक कविता का वाचन भी किया गया। नुक्कड़ उन्मूलन समिति के सदस्य डॉ. इन्द्र शेखर ममगाई, डॉ. शलभ गुप्ता ने छात्रों व स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रो. पूनम रौतेला, डॉ. कमला बोरा, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा, डा. अंचलेश, डॉ. रंजीता जौहरी समेत अनेक प्राध्यापक एवं छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ मटेना में भागवत कथा शुरू

गरुड़ (उद संवाददाता)। तहसील के मटेना गांव में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा शुरू हो गई है। सुबह महिलाओं ने गांव से बैजनाथ मंदिर तक ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली तथा दोपहर बाद श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिरों में कलश लिए भजन-कीर्तन गुनगुनाते हुए चल रही थी। बाद में



कथा स्थल पर भगवान गणेश, शिव व मुख्य दीपक पूजन के साथ कलश की विधिवत स्थापना की गई। पूजन कार्यक्रम पंडित मनोज जोशी शास्त्री ने संपन्न किया। दोपहर बाद भक्तजनों को व्यास पंडित मनोज पांडे ने भागवत कथा के महात्मय के साथ ही गोकर्ण-धुंधकारी की कथा सुनाई। उन्होंने भक्ति ज्ञान व वैराग्य के उदगम एवं कलयुग के अमृत कलश भक्ति के बारे में बताया। इस दौरान मुख्य यजमान हीरा देवी, विश्वम्बर दत्त बड़सीला, गिरीश बड़सीला, नंदाबल्लभ बड़सीला, दीप जोशी, विजय, गौरव, जानकी देवी, आनंदी देवी, मनीषा आदि मौजूद थे।

# कज्युली ने आठ विकेट से जीता मैच

गरुड़ (उद संवाददाता )। गरुड़ क्षेत्र के लोगों की आन बानशान के नाम से विख्यात पूर्व विधायक ललित फर्श्वाण के बड़े भाई दिवंगत स्व.नवीन फर्स्वाण की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया है,जहाँ कज्युली और गुमची के बीच फाइनल मैच हुआ,ब्लाक के चौरसो के लमगणा खेल मैदान में नव युवक मंगल दल गुमची, चौरसो धमसेना द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता



में आज फाइनल मुकाबला गुमची व कज्युली के मध्य खेला गया, जिसमें कज्युली इलेवन की टीम फाइनल मैच की विजेता रही। वही विजेता टीम को 10 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी,और कार्तिक सोलर के संचालक जगदीश तिवारी द्वारा क्रिकेट कमेटी को सील्ड दिए गए वही जिलापंचायत सदस्य रूपा कोरंगा के प्रतिनिधि गिरीश कोरंगा द्वारा उप विजेता टीम गुमची को 5 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी गयी। इस मौके पर पूर्व कांग्रेस प्रत्यासी रंजीत दास , एडवोकेट हरीश भट्ट, जिलापंचायत सदस्य वज्युला के सदस्य प्रतिनिधि कैलाश परिहार,देवेंद्र कुमार सदस्य क्षेत्र पंचायत चौरसो, राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित अध्यापक अजब सिंह दानू, चंदन थायत, लच्छू पहाड़ी,कैप्टन सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सा कर्मियों का धरना प्रदर्शन जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोविड काल मे राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी, बेस हॉस्पिटल में लगे कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा। कोविड कर्मचारियों का कहना है कि जब तक शासन प्रशासन से कोई जबाब नही आता है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। अगर शासन प्रशासन जल्द ही कोविड में रखे कर्मचारियों की सुध नही लेगा तो पूरे प्रदेश में 1600 कर्मचारी



उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। कर्मचारियों के आंदोलन से सुशीला तिवारी अस्पताल में मरीजों को परेशानी हो रही है। ओपीडी, सैम्पल कलेक्शन में कर्मचारियों की कमी के कारण मरीजो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड बॉय, वार्ड आया. अटेंडेंट न होने से मरीजो को वार्ड में ले जाने और लाने में में काफी परेशानी हो रही है। इस दौरान कुमुद बहुगुणा, महेंद्र मोहन जोशी, रघुवर दत्त, महेश आर्य, नवीन बेलवाल, दलीप,आदि लोग मौजूद थे।

# आशा शुक्ला को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिटी ब्लड सेंटर के सौजन्य से उत्तराखंड के बल्ड हेल्पलाइन के आइकॉन उत्तराखंड के वरिष्ठ समाजसेवी हरविंदर सिंह चुघ द्वारा ब्लड व्यवस्था करने में अहम योगदान करने पर आशा शुक्ला को सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि अनगिनत सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहने के बावजूद भी ब्लड बैंक में भी पूरी हेल्प कर्तव्यनिष्ठा से आशा शुक्ला हर जगह ब्लड की व्यवस्था करवाती हैं। आगे भी उनकी कार्यों की सराहना की जाएगी और वह ऐसे ही




सामाजिक कार्यों को करती रहेंगी। श्री चुघ ने कहा हल्द्वानी और ऋषिकेश में भी सभी की सहायता कर उन्होंने सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का जिम्मा लिया है।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## अलगाववाद की चुनौतियां

खालिस्तान समर्थकों का सबसे अधिक उग्र तेवर कनाडा में दिखाई दे रहा है। इन दिनों एक बार फिर खालिस्तान के समर्थन में उग्र माहौल बनाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। चूंकि इस आंदोलन की अगुआई करने और शह देने वाले कनाडा आदि देशों में हैं, इसलिए वहां कुछ अधिक तेजी देखी जा रही है। पिछले दिनों ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के बाहर लगा तिरंगा उतार कर खालिस्तान समर्थकों ने वहां अपना निशान फहरा दिया।उसके बाद ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक आयोजन को इसलिए रद्द करना पड़ा कि उसमें भारतीय उच्चायुक्त शरीक होने वाले थे और खालिस्तान समर्थक उसका विरोध कर रहे थे। इसी तरह अमेरिका में भारतीय दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक जमा हो गए थे, हालांकि वहां के सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता के चलते वे किसी प्रकार का उपद्रव करने में कामयाब नहीं हो पाए। खालिस्तान समर्थकों का सबसे अधिक उग्र तेवर कनाडा में दिखाई दे रहा है। ऐसे में भारत सरकार की चिंता स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर वहां के भारतीय वाणिज्य दूतावास परिसरों और भारतीय राजनयिकों की कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। पहले भी तिरंगा उतारने की घटना के बाद जब भारत सरकार ने दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर की सुरक्षा वापस कर ली थी, तब ब्रिटिश सरकार को अपनी चूक समझ में आई थी। खालिस्तान को लेकर चल रही अलगाववादी गतिविधियों पर काबू पाना सरकार के लिए इसलिए जटिल है कि इसके नेता कनाडा में हैं और बताया जाता है कि उनके तार पाकिस्तान के अलगाववादी संगठनों से जुड़े हुए हैं। वे वहां से पंजाब में युवाओं को गुमराह कर खालिस्तान के लिए आंदोलन को हवा दे रहे हैं। अमृतपाल सिंह भी उन्हीं के उकसावे पर काम कर रहा था। उसने गुरुग्रंथ साहब और सिख पंथ की आड़ लेकर बहुत सारे लोगों को अपने पक्ष में भी कर लिया था। जब उसके एक समर्थक को पुलिस ने गिरफ्तार कर अजनाला के थाने में बंद किया तो अमृतपाल बड़ी भीड़ के साथ हथियार के बल पर उसे छुड़ाने में कामयाब हुआ था। फिर उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई, तो वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकला और अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्रालय और पंजाब पुलिस अलगाववादी ताकतों को काबू में करने का प्रयास कर रहे हैं। अमृतपाल के प्रमुख साथियों और सहयोगियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे काफी हद तक पंजाब में अलगाववाद की धार भोथरी हो चुकी है। मगर अभी चुनौती यह है कि विदेशी जमीन से जो लोग खालिस्तान की मांग उठाने में कामयाब हो पा रहे हैं, उन पर अंकुश कैसे लगाया जाए। इसके लिए वहां की सरकारों पर दबाव बनाना ही कारगर उपाय हो सकता है और भारत सरकार इस मामले में कामयाब नजर आ रही है। रही बात अमृतपाल जैसे कुछ दिग्भ्रमित युवाओं की, तो उन पर लगातार नजर रख कर ही काबू में किया जा सकता है। अच्छी बात है कि खालिस्तान के समर्थन में पंजाब के आम लोग नहीं हैं। वे किसी भी रूप में इस आग को फिर से दहकती देखना नहीं चाहते। इसलिए सरकार को इस पर काबू पाने में कोई मुश्किल नहीं है। मगर अभी तक अमृतपाल क्यों पुलिस की पकड़ से बाहर है, यह सवाल स्वाभाविक ही लोगों के मन में बना हुआ है। इससे पुलिस की गंभीरता पर भी सवाल उठ रहे हैं। अमृतपाल के मामले में किसी भी प्रकार की शिथिलता अलगाववाद की आग को रोकने में चुनौतियां ही बढ़ाएगी।

# वासंतिक नवरात्र: जीवन में सुख, शांति और ऐश्वर्य की समृद्धि का है प्रतीक

एक ही परम तत्व परमपुरुष पराशक्ति के रूप में सर्वत्र व्यापक है। श्रुतियों, शास्त्रकारों ने एक ही चिरंतन शक्ति को कभी पुरुष के रूप में तो कभी देवी के रूप में स्वीकारा है। सब के घट में एक समान विराजमान वह दिव्य शक्ति प्रकाश के रूप में हमेशा मौजूद रहती है जिसे जीवन शक्ति कहा जाता है और उसका दर्शन होना ही शक्ति की आराधना है। दुष्टों का संहार करके भक्तों की रक्षा करने हेतु कभी काली तो कभी दुर्गा या फिर राम और कृष्ण के रूप में उस शक्ति का अवतरण इस धरा पर हुआ है। मां अम्बे की पूजा- र्चना का विधान वेद, पुराण , उपनिषदों हिन्दुओं के अन्य धर्मशास्त्रों में भी मिलता है। वेद में एकोएहं बहुस्याम और अजाय मानों बहुध ा ब्यजायत के रूप में और देवी पुराण में सा वाणी साच सावित्री विप्राधिष्ठात वहां सर्व दुर्गा के रूप में संस्थापित है। मार्कण्डेय पुराण में स्वयं मान जएकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्ट मय्येव विशन्त्यो मद्विभूतय: अर्थात मैं ही दुर्गा हूँ , सर्व शक्ति स्वरूपा हूँ और मुझमें ही पूरी सृष्टि विलीन है। आशय यह है कि यह विशाल सृष्टि उत्पन्न होती है, बढ़ती है, विभिन्न रूपों में परिवर्तित होती है और अंत में विनिष्ट हो जाती है। देवी पुराण में एक बड़े रोचक कथा प्रसंग की चर्चा की गयी है। अक्सर भ्रम में पड़ जाने वाले देवर्षि नारद को एक बार भ्रम हो गया। ब्रह्मा , विष्णु और महेश तीनों सर्वश्रेष्ठ हैं तो भला ये तीनों किस महाशक्ति का स्मरण करते हैं ? नारद जी अपने सन्देश निवारण हेतु शिव के पास गए और बोले मुझे ब्रह्मा , विष्णु और महेश से बढ़कर कोई अन्य देवता नहीं दिखाई देता है फिर आप तीनों से ऊंचा कौन है जिसकी उपासना और स्मरण आप करते हैं ? शिव मुस्कुराये और बोले हे ऋषिवर सूक्ष्म और शूल शरीर से परे जो महाप्राण आदिशक्ति ( जगदम्बा ) है



वही तो परब्रह्म स्वरुप है-वह केवल अपनी इच्छा मात्र से ही सृष्टि की रचना, पालन और संहार करने में समर्थ है। वस्तुत: वह आदिशक्ति ( दुर्गा ) निर्गुण स्वरूप है परन्तु उसे किसी भी रूप मे मन समय -समय पर धर्म की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए साकार होना पड़ता है। इसी समय-समय पर ,पार्वती दुर्गा , काली , चंडी , सरस्वती आदि अवतार धारण किये हैं। इसी जगत जननी का सभी देव स्मरण करते हैं। वैसे भी आदिशक्ति स्वरुप दुर्गा में सभी देवताओं का कुछ न कुछ अंश शामिल है। दुर्गाशप्तशती के दूसरे अध्याय में देवी स्वरुप का वर्णन करते हुए बतलाया गया है भगवान शंकर के तेज से उस देवी का मुख प्रकट हुआ, यमराज के तेज से मस्तक के केश , विष्णु के तेज से भुजाएं , चन्द्रमा के तेज से स्तन , इंद्रा के तेज से कमर, वरुण के तेज से जंघा, पृथ्वी के तेज से नितम्ब , ब्रह्म के तेज से चरण, सूर्य के तेज से दोनों पैरों की अंगुलियां, वसुओं के तेज से दोनों हाथों की अंगुलियां, प्रजापति के तेज से सम्पूर्ण दांत, अग्नि के तेज से दोनों नेत्र , संध्या के तेज से भौहें , वायु के तेज से कान , अन्य देवताओं के तेज से देवी के भीं- भीं अंग बने। इसी प्रकार सभी अमोघ शक्तियों से दुर्गा के रूप में एक आदिशक्ति का सृजन किया गया इसलिए यह स्वरुप सभी देवताओं के लिए स्मरणीय हो गया। जो विद्वानों के के लिए स्मरणीय हो वह लोगों के लिए विस्मरणीय भला कैसे हो सकता है। परिणामत: कलियुग में भी आज दो नवरात्रि के रूप में माँ जगदम्बा की पूजा जारी है। शारदीय और वासंतीक नवरात्र। शारदीय नवरात्र आश्विन मास में और वासंतिक नवरात्र अभी चैत्र माह में होते हैं। इसी चैत्र वर्ष प्रतिपदा से हिन्दुओं का नया संवत्सर शुरू होता है। दोनों नवरात्र का समान महत्व है। नौ दिन और नौ रातों तक मान जगदम्बे भगवती के नौ अलग -अलग रूपों की पूजा की जाती है। यह आज तक रहस्य बना हुआ है। दुर्गा की पूजा सबसे पहले राम ने की या किसी और ने, लेकिन इतना तय है लंका पर चढ़ाई और रावण वध से पहले राम ने आदिशक्ति स्वरूप मानकर दुर्गा जी की पूजा की। यह स्थान भी रामेश्वरम के नाम से जाना जाता है। नवरात्र महोत्सव आसुरी शक्ति पर दैवीय शक्ति की विजय का प्रतीक है।

नवरात्र में प्रथमा से लेकर नवमी तक शक्ति के 9 स्वरूपों की पूजा -अर्चना होती है। ये नौ शक्तियां बहनों का स्वरुप हैं और इन नौ शक्तियों के विभिन्न नाम रूप के कारण शारदीय नवरात्र उत्सव का उल्लास देखते ही बनता है। नवरात्र की पूरे देश में विशेष धूम रहती है। इन 9 दिनों में लोगों की भक्ति भावना, आस्था और शक्ति देखते ही बनती है। दर्जा माता की नौ शक्तियों के नाम हैं - शैलपुत्री , ब्रह्मचारिणी , चंद्रघटा, कुष्मांडा , स्कंदमाता , कात्यायिनी , कालरात्रि , महागौरी और सिद्धदात्री। नवरात्र में अंतिम दिन पर कन्या पूजा का विशेष महत्व है। नौ कुमारी कन्याओं को देवी स्वरुप मानकर लोग उनका विशेष पूजन भोजन , वस्त्रादि, उपहार देकर करते हैं। कन्या पूजन में दो वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की कन्याओं को पूजा जाता है। दस वर्ष से अधिक वर्ष की कन्याओं का पूजन वर्जित। दो वर्ष की कन्या कन्याकुमारी , तीन वर्ष की त्रिमूर्तिनी , चार वर्ष की कल्याणी , पांच वर्ष की श्रोहिणीश , छह वर्ष की काली, सात वर्ष की चंडिका, आठ वर्ष की शाम्भवी, नौ वर्ष की दुर्गा और दस वर्ष की सुभद्रा स्वरूपा मानी गयी है। कोई भी पर्व हो उसके पीछे मकसद होता है सुख, शांति और समृद्धि के साथ परमानन्द की प्राप्ति। नवरात्र में की गई पूजा मानव मन की मलिनता को दूर करके भगवती दुर्गा के चरणों में लीन होकर जीवन में सुख, शांति और ऐश्वर्य की समृद्धि लाती है। यज्ञ - हवन के कारण अनेक व्याधियों से मुक्ति होने की वैज्ञानिक पुष्टि भी होती है। उस शक्ति स्वरूपा का दर्शन करना मानव जीवन का लक्ष्य है और इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु इन नवरात्रों में विशेष प्रयास करना चाहिए। नवरात्र अर्थात शक्ति की आराधना का महापर्व है और इसे सौद्देश्य मनाना चाहिए जिससे सुख शांति , अर्थ ,ध र्म , काम , मोक्ष का पुरुषार्थ भी सफल हो।



# काश! पर्यावरण संरक्षण सिर्फ दिखावे के लिए न हो

तीन दिवसीय जी-20 सम्मेलन रामनगर में आज से शुरू हो गया है। यह उत्तराखण्ड ही नहीं पूरे देश के लिए गौरव की बात है। इस समिट से उत्तराखण्ड को भी एक नई पहचान मिल सकती है। इसीलिए पूरा सरकारी अमला इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पिछले करीब एक माह से दिन रात तैयारी में जुआ है। विदेशी मेहमानों



के स्वागत के लिए शासन प्रशासन ने जो तैयारियां की है वह वाकई काबिले तारीफ है। उत्तराखण्ड की पहचान विश्व पटल पर एक पर्यटन राज्य के रूप में होती है। बाहर के लोगों की जुबां पर उत्तराखण्ड का नाम आते ही यहां हरियाली का परिदृश्य सामने उभरता है। ऐसे में अगर यहां का पर्यावरण दूषित हो और सड़कों से हरियाली गायब हो तो निश्चित रूप से इस पर्वतीय राज्य की गलत तस्वीर विदेशी पर्यटकों के सामने जायेगी और इसके दुष्परिणाम सामने आयेंगे। यही वजह है कि जी-20 सम्मेल की तैयारियों के दौरान विदेशी मेहमानों का स्वागत करने के लिए हरियाली का विशेष खयाल रखा है। लेकिन जो तैयारियां की गयी है यह महज दिखावे के लिए न होकर स्थाई इंतजाम किये जायें तभी इसका लाभ मिल सकता है। वैसे सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर हरियाली के जो इंतजाम करने के लिए प्रशासन को आनन फानन में पूरी ताकत झोंकनी पड़ी है अगर इस पर पहले ध्यान दिया गया होता तो इस पर इतना भारी भरकम पैसा खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती। हमारी पर्यावरण संरक्षण वेल्फेयर सोसाइटीज विगत लंबे समय से समाज में पर्यावरण की चेतना जागृत करने के लिए शहर ही नहीं वरन आसपास के क्षेत्रों में अपने निजी खर्च से हरियाली के प्रयास कर रही हैं। इस मुहिम में पहाड़ों पर भी मिट्टी की गोलियां पर्यटकों के माध्यम से भेजकर वहां जगह जगह पर्यावरण को संरक्षित करने के प्रयास किए गए। लेकिन विडंबना है कि शासन प्रशासन के उदासीन रवैये के लिए चलते हमारे प्रयास आशा के विपरीत दिशा में जाते नजर आए। पिछले छह माह मेरे आस्ट्रेलिया प्रवास के दौरान मेरे थोडे से प्रयास से सामाजिक संस्थाऐं व कुछ लोग स्वत: जुड़ते चले गये। लेकिन वास्तव में पर्यावरण को लेकर आज भी वज जागरूकता लोगों में देखने को नहीं मिल रही जो दिखनी चाहिए। इसके लिए कहीं न कहीं सरकारी तंत्र भी जिम्मेवार है। जी-20 की समिट उत्तराखण्ड में होना ऐतिहासिक है और इसे सौभाग्य ही कह सकते हैं हमारे शहर से भी विदेशी मेहमानों का काफिल गुजरेगा जिसके लिए हमारा शासन-प्रशासन पिछले कई दिनों से दिन रात मेहनत कर कमियों को दूर करने के प्रयास कर रहा था। मेहमानों को दिखाने के लिए हाईवे पर डिवाइडरों पर पर्यावरण दर्शाने के लिए शोभादार पेड और फूल पौधों को भी आनन-फानन में लगाया गया है। इसके लिए पर्यावरण संरक्षण वेल्फेयर सोसाइटीज लंबे समय से रख रही थी। हमने प्रयास किये थे रुद्रपुर आगमन पर हर किसी को हमारा शहर हरा-भरा दिखाई दे जिसके चलते 31 बटालियन पीएसी से रोडवेज तक डिवाइडरों पर एक नहीं तीन तीन बार शोभादार पेड लगाने के साथ-साथ भारी भरकम निजी खर्च से रोडवेज से इन्दिरा चौक तक बडे बडे ड्रमो में शोभादार पेड़ भी लगवाये थे, भारी यातायात के चलते निजी वाहन से इन पौधों को पानी देने में काफी कठिनाई आ रही थी जिसके बाद नगर निगम ने अपने वाहन से पानी लगाने की जिम्मेदारी ली जो धरातल में खोखली साबित हुई। जिसके बाद विवश होकर उन सभी ड्रमों को जिसमें सभी पेड़ सूख चुके थे फिर से अपने खर्च से हटाने को मजबूर होना पड़ा। रोडवेज से पीएसी के बीच सभी सभी पेड धराशाई हो गए। यदि उन पर जरा सा भी ध्यान दिया जाता तो निसंदेह हमारे विदेशी मेहमान दस दस फिट ऊंचे फूलों से लदे पेडों को देखकर हमारे पर्यावरण की सराहना करते। हमारे पर्यावरण को नुकसान करने वाले आवारा पशुओं का भी हमारे शहर में बोलबाला है। कई बार इसके लिए ज्ञापन तक दिये गये लेकिन कोई कार्रवाई न हो पाने के चलते आज भी मै एक जगह पांच पांच बार पेड लगाने को मजबूर हूं।सौभाग्यवश मेहमानों के आगमन से एक दिन पूर्व लगातार इन आवारा पशुओं को उठाकर सुरक्षित जगहों पर भिजवाया गया ,यदि भविष्य में ऐसी ही कार्यवाई चलती रही ,निसंदेह हम किसी हद तक पर्यावरण को संरक्षित रखने में सफल हो सकते हैं इसकी मुझे आशा ही नहीं वरन विश्वास भी है। मेरा अपने नगरवासियो से विनम्र अनुरोध है आज कि शासन- प्रशासन के सफाई अभियान को हम अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा मानकर शहर को हराभरा रखकर अच्छी सोच का परिचय दें। बेशक प्रशासन ने विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए पेड़ पौध लगाये हैं लेकिन ये हमारी अमूल्य संपत्ति है। मेहमान तो आकर चले जायेंगे। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के जो इंतजाम मेहमानों के स्वागत के लिए किये गये हैं यह हमेशा इसी तरह दुरूस्त रहें। इसके लिए हम सभी को प्रयास करने चाहिए। तभी हमारा शहर एक सुव्यवस्थित शहर की श्रेण में खड़ा होगा।

**डा.मनमोहन सिंह,रुद्रपुर।**

# जी-20 समिट से उत्तराखण्ड को मिलेगी नई पहचान: मिगलानी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं किच्छा नगर मण्डल के प्रभारी ललित मिगलानी ने उत्तराखण्ड में जी-20 समिट आयोजित कराने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मीडिया को जारी बयान में मिगलानी ने कहा कि जी-20 समिट से उत्तराखण्ड को नई पहचान मिलेगी। यह समिट उत्तराखण्ड को 2025 तक सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प को पूरा करने में भी बड़ी भूमिका निभायेगा। श्री मिगलानी ने कहा कि जी-20 समिट उत्तराखण्ड के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। यह हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन किसी भी राज्य और देश को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाते हैं। प्रधानमंत्री ने विषमताओं वाले छोटे से राज्य उत्तराखण्ड का चयन जी-20 की तीन बैठकों के लिए करके देवभूमि से अपने लगाव का उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री उत्तराखण्ड और यहां की ऐतिहासिक धरोहरों को विकसित करने के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं। उनके विशेष लगाव के चलते



ही आज चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए ऐतिहाकिस काम किये जा रहे हैं जिससे देश और दुनिया से चारधाम यात्रा पर आने वालों की संख्या में लगातार कई गुना इजाफा हो रहा है। श्री मिगलानी ने कहा उत्तराखण्ड में जी-20 सम्मेलन को सफल बनाने के लिए केन्द्र सरकार के साथ साथ उत्तराखण्ड की धामी सरकार ने जो इंतजाम किये हैं वह वाकई काबिले तारीफ है। इस समिट के दौरान विश्व भर के डेलीगेट्स देवभूमि की संस्कृति से रूबरू होंगे और यहां के पर्यटक स्थलों की जानकारी भी हासिल करेंगे। इससे जहां देवभूमि की संस्कृति को विश्व भर में पहचान मिलेगी वहीं पर्यटन व्यवसाय भी बढ़ने के आसार बढ़ेंगे। इससे पहाड़ की पलायन की बहुत बड़ी समस्या के निदान का मार्ग भी प्रशस्त होगा। श्री मिगलानी ने कहा कि जी-20 सम्मेलन से जहां राज्य और देश को नई पहचान मिलने जा रही है वहीं इस आयोजन से लोकल स्तर पर भी कई समस्याओं का निराकरण भी हुआ है। पंतनगर से लेकर रामनगर तक सड़कों का कायाकल्प होने से इसका लाभ न सिर्फ यहां के लाखों लोगों को मिलेगा वहीं यहां आने वाले पर्यटक भी इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि जी-20 सम्मेलन के आयोजन से उत्तराखण्ड में इसके दूरगामी सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। यह आयोजन न केवल भारत के लिए एक यादगार होगा, बल्कि यह देश और राज्य के बेहतर भविष्य के निर्माण में भी सहायक होगा।

# उत्तराखंड में कोरोना से 13 मरीज संक्रमित

देहरादून। कोरोना के मामलों में एक बार फिर उछाल देखने को मिला है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना के 13 मामले सामने आए हैं। इनमें नौ मरीज देहरादून जनपद से हैं। जबकि ऊधमसिंहनगर में दो और नैनीताल व पौड़ी गढ़वाल में भी एक-एक व्यक्ति की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। राहत इस बात की है कि इनमें क्लस्टर केस नहीं हैं। विशेषज्ञ कोरोना के मामलों में एकाएक हुई बढ़ोतरी को किसी लहर के रूप में खारिज करते हैं। उनके अनुसार कोविड-19 वायरस अब इन्फ्लूएंजा या अन्य वायरल बीमारियों के समान बन गया है, और मौसमी बदलावों के चलते न्यूनतम-अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ स्पाइक करेगा। ऐसे में सावधानी ही बचाव है। बता दें, राज्य में इस साल कोरोना के 192 मामले आए हैं। जिनमें 155 स्वस्थ भी हो चुके हैं। वहीं, कोरोना संक्रमित चार मरीजों की मौत भी हुई है। अभी कोरोना के 26 सक्रिय मामले हैं। इनमें 13 मामले देहरादून, छह हरिद्वार, तीन ऊधमसिंहनगर, दो उत्तरकाशी और एक-एक मामला नैनीताल व पौड़ी गढ़वाल में है। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डा. पंकज सिंह ने बताया कि क्लस्टर केस नहीं हैं। न ही कोरोना वायरस का कोई नया वैरिएंट सक्रिय है। जो भी मरीज मिले हैं, वह अलग-अलग जगह से हैं। कोई भी मामला गंभीर प्रकृति का नहीं है। देश भर में कोरोना



के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य में अब कोरोना टेस्टिंग बढ़ाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए जाएंगे। 10 व 11 अप्रैल को प्रदेश के सभी सरकारी व निजी चिकित्सालयों में माक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों को परखा जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों के साथ कोरोना से बचाव व राज्यों में टीकाकरण के संबंध में वीडियो कानफ्रेंसिंग के जरिये चर्चा की। इसमें उत्तराखंड की ओर से से सचिव स्वास्थ्य डा आर राजेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी देते हुए सचिव स्वास्थ्य ने बताया कि केंद्र के निर्देशों के क्रम में राज्य में टेस्टिंग बढ़ाई जाएगी। कोरोना को लेकर कोई लापरवाही नहीं की जाएगी। इसी क्रम में टेस्टिंग को लेकर विस्तृत गाइडलाइन जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वह माक ड्रिल की सभी तैयारियां सुनिश्चित करे। एच 3 एन 2 वायरस (इन्फ्लूएंजा वायरस) से बढ़ी चिंता के बीच एक राहतभरी खबर है। दून मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती 35 वर्षीय युवक अब बिल्कुल स्वस्थ है। उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। वहीं, इन्फ्लूएंजा-बी से पीडिघ्त 65 वर्षीय वृद्धा का अभी उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनके स्वास्थ्य में भी तेजी से सुधार हो रहा है। अस्पताल के टीबी एवं चेस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि दोनों मरीजों की हालत बेहतर है। दोनों ही मरीज को सांस की समस्या हो रही थी। जिस कारण उन्हें आइसीयू में भर्ती किया गया था। युवक को पांच दिन उपचार के बाद अब डिस्चार्ज कर दिया गया है। जबकि वृद्धा की भी स्थिति काफी बेहतर है। उन्होंने कहा कि जिन लोग की इम्युनिटी कमजोर होती है, उन मरीजों पर वायरस का प्रभाव अधिक हो जाता है। हालांकि, डरने की कोई बात नहीं है।

# स्वयं सेवियों को बताई जीवन जीने की कला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस में शिविर का प्रारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ सभी स्वयंसेवकों को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न गुर सिखाए। कार्यक्रम का संचालन करते कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपमाला ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रंजीता



हुआ। शिविर के बौद्धिक सत्र में प्रो. शंभूदत्त पांडेय द्वारा जीवन जीने की कला के बारे में बताया। मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आए बीके दलीप सिंह कार्की द्वारा स्वयंसेवकों को जीवन में अध्यात्म का महत्व एवं उसकी वैज्ञानिकता के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ. शलभ गुप्ता ने जौहरी द्वारा वातावरण का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव संबंधी जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम में डॉ.पीसी सुयाल, डॉ. इन्दुशेखर मंमगाई, डॉ. रूमा शाह, डॉ. विवेकानंद पाठक, डा.पूनम शाह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पेज एक का शेष...

**परम्परागत ढंग से हुआ...** पर चर्चा होगी। समिट के लिए बीते कई दिनों से तैयारियां चल रही थी। समिट के लिए पंतनगर से लेकर रामनगर तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। दोपहर को कड़ी सुरक्षा के बीच विदेशी मेहमान पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां पर छोलिया नृत्य के साथ मेहमानों का स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने परंपरागत ढंग से मेहमानों का स्वागत करते हुए उन्हें तिलक लगाया और उत्तराखण्ड की टोपी पहनायी। एयरपोर्ट पर मेहमानों के स्वागत के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच सभी मेहमान रेडिसन ब्लू होटल के लिए रवाना हुए। रेडिसन में मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी है। जिसमें करीब 50 तरह के व्यंजन तैयार किये गये है। मेहमानों के लिए पहाड़ी व्यंजन भी तैयार किये गये हैं। जिसमें भट की चुडकानी, आलू के गुटके, पालक का कापा, गहत की दाल, कुमांऊनी रायता, झिंगोरे की खीर के साथ ही पंजाबी भोजन में तड़के वाली दाल, लच्छा पराठे, मिस्सी रोटी और मांसाहारी भोजन तैयार किया गया है। विदेशी मेहमानों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल होंगे। वहीं मित्र देश बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात के डेलीगेट शामिल हैं।

**बूथ का कार्यकर्ता...**पर कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया और साथ ही महिलाओं द्वारा तिलक लगाकर उनका अभिनदंन किया। बैठक में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने दिया उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी का यह बूथसशक्तिकरण अभियान संगठन को बूथ स्तर पर खड़ा करने और संगठन को बूथ तक लाने के लिये सबसे महत्वपूर्ण कार्य है जो प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिया गया है, कमल जिंदल ने कहा पार्टी द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय रहते पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा। वही इन बूथ की टीम के आधार पर ही आने वाले लोकसभा चुनाव व निकाय चुनाव की विजय श्री सुनिश्चित होगी। बैठक में मुख्यवक्ता के रूप में कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने आये प्रदेश संगठन के मुखिया महेश भट्ट ने बूथ सशक्तिकरण अभियान में कहा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जो अनवरत अपने संगठन को मजबूत करने के लिये वर्षभर कार्य करती रहती है वही संगठन की रचना का सबसे महत्वपूर्ण और कारगर कार्य बूथों की टीम का गठन ही है इसलिए हमने पूरे प्रदेश में बूथ सशक्तिकरण अभियान चला रखा है जिसका लक्ष्य है कि आने वाले पार्टी के स्थापना दिवस से पूर्व बूथ की टीम ओर पन्ना प्रमुख की के गठन का कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिया है और अधिकांश क्षेत्रो में यह कार्य काफी हद तक पूर्ण होने की ओर है , भट्ट ने कहा भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अपनी पूरी ईमानदारी निष्ठा से पार्टी के लिये समर्पित रहता है और उसकी इस निष्ठा का ही परिणाम है कि आगे जाकर वही कार्यकर्ता एक गांव के प्रधान से लेकर विधायक सांसद या मंत्री बन जाता है। भारतीय जनता पार्टी में ही सम्भव है कि यह बूथ का अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है, भट्ट ने कहा जी 20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है हम सबके के लिये गर्व की बात है। जो देश और राज्य के विकास की तस्वीर बदलने का कार्य करेगा। बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान के विधानसभा सयोजक विधायक शिव अरोरा ने कहा हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारे कार्यकर्ता है जो हर चुनाव में बूथ पर संघर्ष कर अपने बूथ को जिताने के लिये दिन रात एक कर देते है और निश्चित रूप से बूथ जीता तो चुनाव जीता यह मंत्र कारगर साबित होता है आने वाले समय मे देश के आम चुनाव होने है जिसके लिये संगठन द्वारा लगातार बूथों की संचरना का कार्य दिया गया है विधायक ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया जल्द ही बूथ तक कि टीम गठन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा, विधायक शिव अरोरा ने कहा अभी हाल ही में राज्य की धामी सरकार ने अपने एक साल नई मिसाल के रूप में पूरे किये है जिसमे कई महत्वपूर्ण फसलें राज्य हित मे लिये गये जो उत्तराखंड को विकसित राज्य बनने में मददगार साबित होगा। एक साल पूरे होने पर हमको अपनी सरकार की उपलब्धि को घर घर बूथ स्तर तक लेकर जाना चाहिए जिससे भाजपा से ओर अधिक लोग जुड़े ओर सरकार की योजना का लाभ भी सीधे आमजन को मिले। वही बैठक में जिला के सह प्रभारी व प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक ने बैठक में उपस्थित लोगों का मंडलवार व्रत लिया और बैठक की योजना रचना को कार्यकताओ को बताया। वही बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमित नारग द्वारा किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, धीरेंद्र मिश्रा, मेयर रामपाल मण्डल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, धर्म सिंह, हरीश खनवानी, श्रीकांत राठौर, जुल्फिकार अली, रश्मि रस्तौगी, सुनील ठुकराल, राजेश जग्गा, राधेश शर्मा, सोनू अनेजा, शम्मी गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, स्वाति शर्मा, ममता त्रिपाठी, संजय हलदार, मुकेश पाल, गिरीश पाल, अजीत शाह,शालनी बोरा, आयुष चिलाना, जगदीश विश्वास व अन्य लोग मौजूद रहे।

**विपक्ष के मिलों से ...**काज का प्रचार करने को भी कहा गया है। उधर संसद के दोनों सदनों में मंगलवार को भी जोरदार हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी दलों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया ।

**बाहुबली अतीक ...**आदि शामिल हैं। एक आरोपी अंसार अहमद की मौत हो चुकी है। अभी अतीक अहमद, अशरफ और फरहान जेल में थे। बाकी आरोपी जमानत पर थे। 17 साल बाद इस केस में कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रविंद्र नगर में मां दुर्गा पूजा महोत्सव का भव्य शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रियल गेट अप स्पोर्टिंग क्लब सोसायटी द्वारा रविंद्र नगर वार्ड 37 में नेताजी सुभाष पार्क में श्री श्री मां बसंती पूजा महोत्सव का गत सायं अधिवास पूजा के साथ उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम साय 5:46 बजे पूजा प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात रात्रि 10 बजे से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में शहर के कई बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसका आज फाइनल राउंड होगा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सौरभ और कुमारी सुनैना रही। कार्यक्रम



की अध्यक्षता करते एसपी सरकार ने बताया यह पूजा बंग समाज की एक महत्वपूर्ण पूजा है। यह पूजा चौत्र मास के नवरात्रों मैं शुरू होती है। पूजा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है। रंगारंग कार्यक्रम के साथ साथ आयोजन स्थल पर मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में विभिन्न प्रकार के दुकाने लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि यह पूजा एकादशी यानी आगामी 1 अप्रैल तक रहेगी। पूजा कमेटी में अध्यक्ष एसपी सरकार, उपाध्यक्ष प्रदीप दास, सचिव तारक अधिकारी, उपसचिव सूरज विश्वास, कोषाध्यक्ष अर्जुन, संस्कृतिक प्रभारी भारती और निकिता के साथ ही सुनील घोष, सुब्रत, शुभम, वंश, देवास ,महिंद्र पाल, महेश मंडल, गोपाल शाह, शांति मंडल आदि लोग उपस्थित थे।

# सद्कर्म करने की प्रेरणा देती है भागवत कथा: श्याम भाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हर मनुष्य को हमेशा सद्कर्म ही करने चाहिए। यह प्रेरणा श्रीमद भागवत कथा से मिलती है। यहां सिंह कालोनी गली नंबर एक में स्थित श्री श्री शनि देव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सुनाते कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज ने कहा कि जो भी व्यक्ति श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करता है उसे जन्म जन्मांतर के कष्टों से मुक्ति मिल जाती है और वह अपना जीवन दूसरों की सेवा में व्यतीत करने लगता है। उन्होंने कहा कि कभी भी किसी के सम्मान को चोट नहीं पहुंचानी चाहिए। श्री महाराज ने कहा भागवत कथा के सभी पात्रों की जीवन शैली से हमे कोई न कोई संदेश मिलता है। यह कथा सुनने का अर्थ तभी है जब हम इसके संदेशों को अपने जीवन में उतारकर उसका अनुसरण करें। कथा का समापन



आगामी 31 मार्च को होगा। श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के दौरान कथा व्यास श्याम भाई जी महाराज द्वारा भजन भी सुनाए गए साइज सुनकर सारे श्रद्धालु भक्ति में मग्न हो गए। इस मौके पर कार्तिक मंडल, देवू मंडल, पारुल मंडल, चौताली मंडल, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, देव दास सरकार, भानु विश्वास, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, सन्तोष सरकार, पुलिन शील, गौतम घरामी, रमेन मण्डल, गोविन्द सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, सुब्रत सरकार, विष्णु सरकार, दिपंकर साना, असीम सरकार, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल व सपन साना सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान

सितारगंज(उद संवाददाता)। सहायक प्रवर्तन अधिकारी मुकुल अग्रवाल ने सोमवार को टीम के साथ नगर और सिडकुल मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना परमिट के चल रहा एक टेंपो सीज किया गया। कैंटर समेत तीन वाहनों के खिलाफ ओवरलोड और कागजातों में कमी मिलने पर चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला। एआरटीओ अग्रवाल ने बताया कि यातायात के नियमों का उल्लंघन कर चलने वाले बाइक सवारों के खिलाफ भी चालान किए गए। वहां प्रवर्तन पर्यवेक्षक चंदन सिंह, सजीव तिवारी, चालक संजय सिंह आदि रहे।

# कैबिनेट मंत्री ने सौ लाडलियों को बांटी नेम प्लेट

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर में अब बेटी का नाम घर की पहचान होगा। लिंग भेद मिटाने, कन्या भ्रूण हत्या रोकने और बालिका जन्म को बढ़ाव देने के लिए घर की पहचान लाडली के नाम योजना चलाई जा रही है। इसमें घरों के बाहर बेटियों के नाम की नेमप्लेट लगाई जाएंगी। ये नेमप्लेट लोककला ऐपण से सजाई गई हैं। सोमवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ करीब सौ बालिकाओं को नेमप्लेट बांटकर इस अभियान की शुरूआत की। सोमवार को तहसील के सभागार में बाल विकास परियोजना की ओर से पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तीकरण के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं। बेटियों को



सशक्त करने के लिए लाड़ली योजना, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना, शिक्षा व उच्च शिक्षा के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतारा है। कार्यक्रम में 40 महिलाओं की गोद भराई, 40 बच्चों का अन्नप्रासन किया गया। कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट भी बांटी। वहां जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष योगेंद्र रावत, सुमन राय, उदय राणा, जया जोशी, संदीप गुप्ता, सीडीपीओ डॉ. मंजूलता यादव, संजय बाछाड़, राजू डसीला आदि थे।

# जी–20 में बाजपुर के कलाकार भी देंगे प्रस्तुति

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जी20 सम्मेलन में बाजपुर के कलाकारों को भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। कला गुरुकुल संस्थान के फाउंडर अमन सब्बरवाल ने बताया कि उनके साथ गिटार वादक एवं संगीत शिक्षक मनीष पन्त, ऑक्टापैड वादक दीपक त्रिपाठी, तबला वादक अशोक अंडोला एवं लोक वाद्ययंत्र हुड़का वादक शम्भू दत्त साहिल जी–20 सम्मेलन के दौरान अपनी प्रस्तुति देंगे। नन्दाहरि लोक कला संरक्षण समिति से प्रसिद्ध बांसुरी वादक मोहन जोशी इस टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। वे उत्तराखंड के लुप्त हो रहे प्राचीन वाद्ययंत्र शबिणाईश को बजाने में भी पारंगत हैं। जी–20 सम्मेलन में ये सभी युवा उत्तराखंडी लोक वाद्ययंत्रो पर लोक संगीत की धुनों के द्वारा अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। साथ ही भारतीय शास्त्रीय संगीत के रागों भूपाली, यमन,भैरवी,दरबारी इत्यादि पर भी जुगलबंदी प्रस्तुत की जाएगी।

# नमामि गंगे इकाई ने आयोजित की खेल प्रतियोगिताएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा प्रदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नमामि गंगे इकाई द्वारा दो दिवसीय परंपरागत खेलों का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस खो–खो प्रतियोगिता तथा रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खो–खो प्रतियोगिता के अंतर्गत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा लीला नयाल के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी प्रतियोगिता के अंतर्गत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रश्मि के ग्रुप ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कंचना आर्य गार्गी पांडे ने प्रथम स्थान व कोमल आर्य तथा पुष्पा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता संभल, मुस्कान वर्मा, लता चौधरी, प्रगति बेलवाल, हिमानी नेगी तथा दीक्षा थापा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने के लिए नमामि गंगे योजना के तहत तरह–तरह के कार्यक्रम आयोजित



कर छात्राओं द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. प्रभा साह ने बताया कि गंगा व सहायक नदियों की स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता को लेकर नमामि गंगे द्वारा यह राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। कबड्डी, रस्सी कूद इत्यादि अन्य परंपरागत खेलों का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर विभिन्न छात्राएं, प्राध्यापक आदि उपस्थित रहे।

# भगोड़े अमृतपाल के लगे पोस्टर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पंजाब में खालिस्तानी मुहिम चलाने वाले अमृतपाल अब पूरे देश में भगोड़ा साबित हो चुका है। जिसको लेकर पंजाब पुलिस ही नहीं वरन पूरे देश की पुलिस उसे खोजने में जुट गई है। जिसको लेकर उत्तराखंड की पुलिस भी सतर्क हो चुकी है। उन्होंने उधम सिंह नगर जनपद के अलावा जगह जगह भगोड़ अमृतपाल के पोस्टर चस्पा कर दिये है। गौरतलब है कि कुछ माह पहले अमृतपाल ने पंजाब में खालिस्तान की मुहिम को देने के लिए अपना एक संगठन तैयार कर लिया था ।जिसका नाम एके एफ रखा गया था ।अमृतपाल ने पंजाब में जोर शोर से इस मुहिम को आगे बढ़ाया और सारी सीमाएं पार करते हुए अजनाला पुलिस थाने पर हमला कर अपने साथी को छुड़ा लिया। जिसको लेकर देशव्यापी प्रतिक्रिया प्रारंभ हो गई। अमृतपाल की इस प्रतिक्रिया को देखते हुए केंद्र सरकार



गंभीर हो गई और उन्होंने तत्काल अमृतपाल के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दे दिए ।जिसके बाद से ही अमृतपाल लगातार पुलिस की गिरफ्त से भाग रहा है ।उसको लेकर देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है और जगह–जगह विभिन्न राज्यों की पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इसको लेकर उत्तराखंड में भी अलर्ट जारी हो गया है और उधम सिंह नगर पुलिस ने थाने के अलावा अन्य जगह पर भी अमृतपाल के पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि भगोड़े अमृतपाल को लेकर उत्तराखंड पुलिस भी काफी सतर्क हो चुकी है और वह चप्पे–चप्पे की निगरानी कर रही है।

# जेआईई इंटरनेशनल स्कूल के आठ बच्चों ने ओलंपियाड में जीते गोल्ड मेडल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शहर के जेआईई इंटरनेशनल स्कूल के 20 से ज्यादा छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में विश्व



रिकॉर्ड बनाए हैं यही नहीं आठ बच्चों ने ओलंपियाड में भी गोल्ड मेडल जीत के उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना एवं बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए स्कूल ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ऊधमसिंह नगर व नैनीताल के पूर्व जज डॉ. सबाहत हुसैन खान एवं जेआईई स्कूल एशिया कंपनी के निर्देशक प्रियंका कुलश्रेष्ठ ने विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सभी बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया इसके बाद छोटे–छोटे बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना कर मां सरस्वती की आराधना की गई। इसके बाद सभी विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले बच्चों ने अपने अद्भुत हुनर का प्रदर्शन किया जिसे देख सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर साहब हुसैन खान ने कहा कि वास्तव में यह स्कूल उत्तराखंड का खजाना है जहां पर विभिन्न प्रतिभा वाले अनमोल रत्न बच्चे हैं। वास्तव में जेआईई इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे पूरे विश्व में उत्तराखंड की छाप छोड़ने की हिम्मत रखते हैं।

# आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक देव स्नातकोत्तर महाविध्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों पर निबंध तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन बी.एड. विभाग की तरफ से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 सीता मेहता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बी.एड. विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 इंदु वाला सक्सेना ने बताया कि देश को आजादी दिलाने में कई क्रांतिकारी नेताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी बताया कि आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों ने भी अपने क्षेत्र तथा राज्य में ब्रिटिश शासन के खिलाफ कई आंदोलन किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 गोपाल सिंह ने किया तथा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों में शहीद वीर नारायण सिंह, विरसा मुंडा श्री अल्लुरी सीताराम,राजू तथा रानी



गाइदिनल्यू जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके साथ बी.एड. विभाग के विद्यार्थियों द्वारा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी पर निबंध तथा पोस्टर बनाकर अपने विचारों को प्रकट किया। इस अवसर पर महाविध्यालय के प्राध्यापक श्री मनोज कुमार, श्रीमती वर्षा सक्सेना, रश्मि शारथी, डॉ0 राजेश कुमार, डॉ0 सरस्वती भट्ट, डॉ0 मनोज जोशी, ज्योति राना, प्रिया राना, आरती राना, कामिनी राना, अफसा खान, प्रिया थापा, हरविंदर सिंह, कविन्द्र बोरा, तेज प्रकाश जोशी, रोशन कुमार, पंकज बोहरा, श्रीमती पूनम राना तथा समस्त बी.एड. के विद्यार्थी उपस्थित थे।